M/s. SHANTA SERVICE STATION
Bharat Petroleum
Quality & Quantity
Powai Chowk, Behind Shreeram Cinema, Ulhasnagar-4.
Tel.: 0251-2584077
Pure for Sure



सिर्फ 2 रू.
ठाणे जिले का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

# दैनिक धनुष धारी

संस्थापक प्रधान संपादक स्व. श्री दिलीप जे. लालवानी

वर्ष-31, अंक 132, उल्हासनगर, रविवार 28 अप्रैल, 2024 ( पृष्ठ 6 )
Mob. No. 9325937797
E-mail Add.:- newsddd@gmail.com dailydhanushdhari@yahoo.com
Post Regd No.THC/111/2024-2026
RNI No. 68359/93,

dhanushdharinews | Dhanushdhari | DhanushdhariN | Website - www.dailydhanushdhari.com





# उल्हासनगर भाजपा द्वारा कल्याण लोकसभा सुपर वॉरियर्स बैठक का आयोजन

## महाराष्ट्र में चल रहा है मोदी मैजिक – सांसद शर्मा

**उल्हासनगर (नि.स)।** भारतीय जनता पार्टी 24 कल्याण लोकसभा कोर कमिटी, व्यवस्थापन समिती व सुपर व्होरियर्स की बैठक का आयोजन शनिवार दिनांक 27 अप्रैल को उल्हासनगर कैंप 3 स्थित टाऊन हॉल मे किया गया था। इस बैठक मे उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री, राज्यसभा सांसद व भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश प्रभारी दिनेश शर्मा व राज्य के सार्वजनिक बांधकाम मंत्री रविंद्र चौहान मुख्य रूप से उपस्थित थे। भाजपा कमिटी बैठक में कार्यकताओं का मार्गदर्शन करने के पश्चात सांसद शर्मा द्वारा पत्रकार परिषद् का आयोजन कर महाराष्ट्र में महायुति के प्रदर्शन की जानकारी दी गई और साथ ही इस दौरान महाविकास आघाड़ी नेताओं पर जमकर निशाना साधा गया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए सांसद शर्मा ने कहा कि महाराष्ट्र में मोदी मैजिक चल रहा है। महाराष्ट्र में 48 ही सीटों पर बीजेपी ही चुनाव लड़ रही है बस बात ऐसी है कि कहीं पर बीजेपी का उम्मीदवार है और कहीं पर बीजेपी के मित्र पक्ष के रूप में उम्मीदवार है। उन्होंने कहा कि बीजेपी बड़े भाई की भूमिका अच्छे से निभा रही है और सभी मित्रपक्षों को साथ लेकर चल रही है। भाजपा की चुनाव समितियां भी अच्छा काम कर रही है। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने साथ ही भारत में विरासत पर अमेरिकन मॉडल लागू करने के कांग्रेस के बयान पर भी तंज कसा। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वो सविधान बदलने की साजिश रच रही है जिसका सहयोग शरद पवार व उद्धव ठाकरे कर रहे है। उन्होंने अंत में कहा कि कल्याण लोकसभा से श्रीकांत शिंदे ही महायुति के प्रत्याशी होंगे जिनकी जीत के लिए भाजपा का हर कार्यकर्त्ता काम करेगा। इस अवसर पर पूर्व मंत्री जगन्नाथ पाटील, शशिकांत कांबले, संजय केलकर, माधवी नाईक, विधायक कुमार आयलानी, सुलभा गायकवाड़, भाजपा जिल्हाध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी, जमनु पुरस्वानी, प्रकाश माखीजा, मनोहर खेमचंदानी, महेश सुखरामानी, राम चार्ली, राजेश वधरिया, दीपक छतलानी, अजित सिंह लबाना, लखी नाथानी, कपिल अडसुल, शारुख खान आदि भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित थे।



# 10 साल बाद ओचानी परिवार को मिला इंसाफ

### राजा केबल हत्या प्रकरण में चार आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा

**उल्हासनगर (नि.स)।** राजा केबल नाम से प्रसिद्ध उल्हासनगर के केबल व्यवसायी राजा ओचानी की वर्ष 2013 के नवंबर महीने में हत्या कर दी गई थी। राजा ओचानी हत्या मामले में अब कल्याण सत्र न्यायालय के माननीय अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश आर.जी वाघमारे ने मंगलवार दिनांक 23 अप्रैल को 2 महिलाओं व 2 पुरुषों ऐसे कुल 4 आरोपियों को दोषी ठहराते हुए उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और प्रत्येक व्यक्ति पर 25,000 रुपए का जुर्माना लगाया है।



आकाश हरीश मेंडन, बबिता जग्गू सिंह लबाना, प्रिया विजयकुमार आयलानी व राजेश राजेंद्रन थरूर ऐसे 4 आरोपियों को माननीय न्यायालय ने केबल ऑपरेटर राजा ओचानी की हत्या और सबूत नष्ट करने की कोशिश करने का दोषी पाया और उन्हें आजीवन कारावास और जुमार्ने की सजा सुनाई। राज्य सरकार (मध्यवर्ती पुलिस थाने) की तरफ से अतिरिक्त लोक अभियोजक एससी गोसावी ने पैरवी की जबकि आरोपियों की पैरवी एडवोकेट आर पाटिल, जी भगत व एमएम देशमुख द्वारा की गई।

बताते चले कि केबल व्यवसायी राजा ओचानी 24 नवंबर 2013 की रात को अपने घर से यह बोलकर निकले थे कि वे किसी महत्वपूर्ण काम से बाहर जा रहे है और पांच मिनट में वापस घर लौटेंगे पर वे उस दिन देर रात तक वापस घर नहीं लौटे। जिसके बाद उनके परिवारजनों ने मध्यवर्ती पुलिस थाने में उनके गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाई। इसी बीच 27 नवंबर को उनके परिवार को फिरौती के लिए एक फोन आया था, जिसमें राजा ओचानी की सुरक्षित रिहाई के लिए 1 करोड़ रुपये की मांग की गई थी। इसी बीच अपराध जांच शाखा ने गुमशुदा राजा ओचानी की पत्नी और बेहेन के संदेह पर आकाश हरीश मेंडन, बबिता जग्गू सिंह लबाना व प्रिया विजयकुमार आयलानी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। पुलिस द्वारा हिरासत में तीनों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपने एक और साथी का नाम बताते हुए कबूल किया कि पहले राजा ओचानी की हत्या कर दी गई थी और फिर उसके शव को अंबरनाथ एमआईडीसी क्षेत्र में एक नाले में फेंक दिया गया था।

पुलिस ने पूछताछ में यह भी पाया कि बबिता जग्गूसिंह लबाना ने राजा ओचानी से 1,20,000 और प्रिया विजयकुमार आयलानी ने राजा ओचानी से 11,00,000 रुपए उधार पर लिया था। राजा द्वारा उनसे बार-बार पैसे वापस मांगने के बावजूद वे पैसे नहीं लौटा रहे थे। ऐसे में राजा के पैसे उसे कभी वापस नहीं देने पड़े इसलिए उन्होंने उसको खत्म करने की साजिश रची और इसी के तहत उन्होंने आकाश मेंडन और राजेश थरूर को राजा को मारने के लिए 4 लाख रुपए की सुपारी दे दी। इसी के तहत 24 नवंबर 2013 को रात 11 बजे बबिता ने फोन कर राजा को अपने घर बुलाया। जब राजा उसके घर गया तो वहां पर पहले से ही मौजूद आकाश और राजेश ने लोहे की छेनी से उनके सर पर वार कर दिया जिससे उनकी मृत्यु हो गई। फिर सभी आरोपियों ने मृतक के शव को पास के घर में, जो मृतक ने एक व्यक्ति को किराए पर दिया था, वहां पर देर रात तक छिपा दिया और फिर आकाश और राजेश ने मृतक के शव को चादर, रजाई और अन्य कपड़ों में लपेट दिया और आधी रात को टाटा सूमो गाडी से शव को एमआईडीसी क्षेत्र अंबरनाथ ले गए और साक्ष्य मिटाने के इरादे से शव को नाले में फेंक दिया।

उन्होंने मृतक के पास से सोने के आभूषण, मोबाइल फोन और नकदी भी छीन ली और इस बीच उन्होंने अधिक पैसों की लालच में उन्होंने राजा के परिवार वालों को फिरौती का फोन कर उनसे 1 करोड़ रुपये की व्यवस्था करने को कहा। जिसके बाद पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

राजा केबल हत्या मामले में आरोपी आकाश मेंडन 4/12/2013 और राजेश थरूर 24/12/2013 से जेल में थे। हालांकि बबिता लबाना को 21/05/2021 को और प्रिया आयलानी को 04/02/2022 को जमानत पर रिहा कर दिया गया था परंतु अब चारों आरोपियों को माननीय न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुना दी है। बहरहाल राजा ओचानी हत्या मामले में 10 वर्षों बाद न्याय मिलने पर ओचानी परिवार ने संतुष्टि जाहिर की है और न्यायपालिका के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# शातिर अपराधी हितेन ठाकुर को मध्यवर्ती पुलिस ने किया गिरफ्तार

**उल्हासनगर (नि.स)।** उल्हासनगर की मध्यवर्ती पुलिस ने शातिर अपराधी हितेंद्र उर्फ हितेन ठाकुर को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। ठाकुर हत्या का प्रयास समेत कई आपराधिक मामलों में फरार चल रहा था। पुलिस के मुताबिक 8 दिसंबर 2022 को संदीप गायकवाड़ पर हुए जानलेवा हमला में हितेन फरार था। पुलिस उसकी सरगर्मी से तलाश कर रही थी। वो सिम कार्ड बदल बदल बदल कर आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, उत्तरप्रदेश, राजस्थान और गुजरात में रह रहा था। आखिरकार मध्यवर्ती पुलिस ने उसे वापी से गिरफ्तार किया। कोर्ट ने उसे 30 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।



# राष्ट्रवादी कांग्रेस (शरद पवार) की जंबो जिला कार्यकारिणी घोषित

**कल्याण (नि.स)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस (शरदचंद्र पवार गुट) की जंबो जिला कार्यकारिणी की घोषणा जिलाध्यक्ष वंडार पाटिल द्वारा की गई है जिसमें 57 पदाधिकारियों का समावेश है। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिलाध्यक्ष वंडार पाटिल द्वारा सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिए गए है। इस जिला कार्यकारिणी में 16 उपाध्यक्ष, 7 महासचिव , 12 सचिव, 6 संघटक सचिव, 4 कार्यकारिणी सदस्य, 1 कोषाध्यक्ष, 1 बूथ कमेटी समन्वयक, 4 विधानसभा अध्यक्ष, 4 विधानसभा कार्याध्यक्ष, प्रभाग कमेटी समन्वयक इस तरह कुल 57 पदाधिकारियों को शामिल किया गया है। इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी मे काफी उत्साह देखने को मिला।



# बिना वजह तीन लोगों ने युवक को पीटा

**उल्हासनगर (नि.स)।** तीन लोगों ने मिलकर बिना वजह एक युवक को पीट कर घायल कर दिया। मिली खबर के अनुसार उल्हासनगर के कैंप दो, अमरधाम चौक परिसर में रहने वाले पेशे से चालक भरत रामचंद्र रोकड़े (३४) ने काके सरदार और उसके दो अज्ञात साथियों के खिलाफ उल्हासनगर पुलिस थाने में मारपीट की शिकायत दर्ज करवाई है। अपनी शिकायत में उसने पुलिस को बताया कि २५ अप्रैल की रात पौने दस बजे जब वह कैंप दो, अंबेडकर चौक परिसर में खड़ा था तब काके सरदार अपने दो साथियों के साथ वहां आया और बिना वजह उसकी पिटाई कर उसे घायल कर दिया। बहरहाल आगे की जाँच पुलिस उपनिरीक्षक म्हस्के कर रहे हैं।

## वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर बैंक खाते से उड़ा दिए हजारों रुपए

**बदलापुर (नि.स)।** सायबर ठगों ने एक वृद्ध व्यक्ति को वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर उनके बैंक खाते से हजारों रुपया उड़ा दिया। मिली जानकारी के अनुसार बदलापुर पश्चिम, हेंद्रेपाड़ा, मोहन वैली में रहने वाले महेंद्र जगन्नाथ केदारे (६४) ने अपने साथ हुई ऑन लाइन ठगी की शिकायत बदलापुर पश्चिम पुलिस थाना में दर्ज करवाया है। अपनी शिकायत में उन्होंने पुलिस को बताया कि अज्ञात शख्स ने उन्हें यूट्यूब के जरिये वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर उनके बैंक खाते से ५४ हजार २९७ रुपया उड़ा दिया। मामले की जाँच वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजेंद्र लांडगे कर रहे हैं।

# घर में घुसकर सो रहे शख्स पर पत्थर से मारकर किया घायल

**उल्हासनगर(नि.स)।** पुरानी रंजिश में एक शख्स ने अपने परिसर में रहने वाले ४१ साल के एक शख्स के घर में घुसकर उस वक्त उसे पत्थर मारकर घायल कर दिया जब वह सो रहा था। मिली जानकारी के अनुसार उल्हासनगर के कैंप एक, इंदिरा नगर, एमआईडीसी पानी टंकी के पास रहने वाले शंकर मधुकर गायकवाड़ (४१) ने अपने परिसर में रहने वाले रवि मछिन्द्र संसारे के खिलाफ उल्हासनगर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। अपनी शिकायत में उसने पुलिस को बताया कि शुक्रवार शाम चार बजे वह अपने घर के आँगन में सो रहा था तभी वहां रवि आया और पुरानी रंजिश को लेकर उसने उसके सिर पर पत्थर मारकर उसे घायल कर दिया। मामले की जाँच पुलिस उपनिरीक्षक म्हस्के कर रहे हैं।

# बिजली बिल बकाया होने की बात कहकर सायबर अपराधियों ने लगाया लाखों का चूना

**कल्याण।** बिजली बिल बकाया होने की बात कहते हुए सायबर अपराधियों ने कल्याण में एक बुजुर्ग व्यक्ति को लाखों रुपए का चूना लगा दिया। पीड़ित बुजुर्ग ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई तो पुलिस ने तुरंत मामले का खुलासा कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार कल्याण पूर्व के कोलसेवाड़ी इलाके में 67 वर्षीय जयराम जाधव अपनी बेटी और नाती के साथ रहते हैं। जयराम जाधव रिटायर हो चुके हैं। रात करीब 10 बजे उनके मोबाइल पर कॉल आया। फोन करने वाले ने कहा कि आपके घर का लाइट बिल नहीं भरा गया है। शीघ्र भुगतान करें। अन्यथा आपकी बिजली आपूर्ति तुरंत काट दी जाएगी। घर में छोटी बच्ची होने के कारण जयराम जाधव डर गए। रोशनी नहीं होगी तो अंधेरे में रात कैसे गुजरेंगे? इस डर से वे उक्त अज्ञात व्यक्ति को बिल का भुगतान करने के लिए तैयार हो गए। उन्होंने उस शख्स से पूछा कि बिल का भुगतान कैसे करें। उस व्यक्ति ने उन्हें पहले 100 रुपये भेजने को कहा। इन दोनों के बीच बातचीत के दौरान ही जयराम जाधव के खाते से 1 लाख 44 हजार रुपये गायब हो गये। कुछ देर बाद जयराम को एहसास हुआ कि उनके साथ धोखा हुआ है। इस मामले में जयराम ने कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने अगले ही दिन जयराम का अकाउंट फ्रीज कर दिया। खाता फ्रीज होने के कारण दूसरा पक्ष पैसा नहीं निकाल सका। पुलिस ने आगे की प्रक्रिया के बाद जयराम जाधव को उनके पैसे लौटा दिए। जयराम के बैंक खाते में रिटायरमेंट के पैसे थे। अपनी जीवन भर की कमाई एक झटके में खत्म हो जाने से जयराम जाधव काफी परेशान थे, लेकिन कोलशेवाड़ी पुलिस ने सतर्कता दिखाई और कुछ ही घंटों में पैसे बरामद कर लिए। कोलशेवाड़ी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कदम ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि वे अनजान व्यक्तियों से ऑनलाइन लेनदेन से बचें।

# श्री गुरु अर्जुन देव जी का तीन दिवसीय प्रकाश उत्सव कार्यक्रम आज से

**उल्हासनगर (नि.स)।** श्री गुरु अर्जुन देव जी का प्रकाश उत्सव काफी धूमधाम और हर्षोल्लास के माहौल में मनाया जायेगा। इस निमित्त तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन रविवार से शुरू होगा। इस सन्दर्भ में अजित सिंह लबाना ने बताया कि उल्हासनगर के कैंप दो, सोनारा हॉल के पास श्री गुरु अर्जुन देव साहेब जी गुरुद्वारा में आज रविवार 28 अप्रैल को शाम आठ बजे से श्री अखंड पाठ साहेब जी शुरू होगा और कथा कीर्तन एवं गुरु का लंगर अनवरत चलेगा। सोमवार को शाम चार बजे महान नगर कीर्तन पांच प्यारो और श्री गुरु ग्रन्थ साहेब जी की अगुवाई में निकाली जाएगी। साथ ही गुरु का लंगर अनवरत चलेगा। इसके बाद मंगलवार 30 अप्रैल को शाम आठ बजे से श्री अखंड पाठ साहेब जी का भोग, कथा कीर्तन एवं गुरु का लंगर अनवरत चलेगा। इसके अलावा मंगलवार को दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक शाही लंगर का आयोजन किया गया है। अजित सिंह लबाना ने कहा कि उल्हासनगर में श्री गुरु अर्जुन देव साहेब जी के नाम पर यह एक ही गुरुद्वारा है। उन्होंने साध संगत तथा शहर के नागरिकों से अपील की है कि इस धार्मिक कार्यक्रम का लाभ उठायें।




# शातिर बाइक चोर गिरफ्तार, 3 महंगी बाइक बरामद

कल्याण। कल्याण की कोलशेवाड़ी पुलिस ने बाइक चोरी के जुर्म में 150 से ज्यादा जगहों के सीसीटीवी खंगालने के बाद एक शातिर बाइक चोर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि चोर का नाम तेजस उर्फ आकाश मेघानी है। तेजस की बाइक पर 46 नंबर लिखा होने के कारण वह पुलिस की पकड़ में आ गया। पुलिस ने उसके पास से 3 महंगी बाइक बरामद की है। प्राप्त खबर के अनुसार कल्याण पूर्व के कोलसेवाड़ी इलाके से एक महंगी बाइक चोरी हो गई। इसके बाद कुछ ही घंटों में दूसरी बाइक भी चोरी हो गई। इस संबंध में कोलशेवाडी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। कल्याण के पुलिस उपायुक्त सचिन गुंजाल के मार्गदर्शन में कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कदम, पुलिस अधिकारी दिनकर पगारे, पुलिस अधिकारी सुशील हंडे और अन्य पुलिसकर्मियों ने बाइक चोर को ढूंढने के लिए मामले की जांच शुरू की। बाइक चोर का पता लगाने के लिए कल्याण पूर्व और पश्चिम के लगभग 150 सीसीटीवी चेक किए गए। सीसीटीवी में एक युवक स्पोर्ट बाइक चलाता नजर आया। मास्क पहने होने के कारण वह पहचान में नहीं आ रहा था। बाइक पर 46 नंबर लिखा था। पुलिस ने काला तलाव इलाके में जांच शुरू की। वहां वह स्पोर्ट बाइक मिली। जब पुलिस ने पूछताछ शुरू की कि बाइक किसकी है तो आगे बैठे युवक ने बताया कि बाइक उसकी है। पुलिस ने जब युवक से पूछताछ की तो पहले तो युवक ने गलत नाम और पता बताया, लेकिन पुलिस को शक हुआ और उसे हिरासत में लेकर गहनता से पूछताछ की गई। जांच में पता चला कि उसका असली नाम तेजस उर्फ आकाश मेघानी है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कदम ने कहा कि तेजस एक शातिर बाइक चोर है। वह एक गैराज में मैकेनिक का काम करता था और बाइक के बारे में सब कुछ जानता था। वह इस कला का इस्तेमाल बाइक चोरी करने के लिए करता था। उसके खिलाफ विभिन्न पुलिस स्टेशनों में 9 मामले दर्ज हैं। पुलिस ने उसके पास से 3 महंगी बाइक बरामद की है। पुलिस के मुताबिक तेजस अपने कुछ साथियों की मदद से बाइक चोरी करता था और चोरी की बाइकों को ईरानी चोरों को सप्लाई करता था, जो सोने का चेन चुराते थे। अब पुलिस तेजस के साथियों की भी तलाश कर रही है। तेजस से पूछताछ में पुलिस को एक शातिर चेन स्नेचर का नाम पता चला है और संभावना है कि जल्द ही पुलिस उसे गिफ्तार कर लेगी।




Staff Required
( SINDHI MALE )
Qualification-B.COM PASSED
FOR ACCOUNTS
& FOR SALESMAN
Qualification- 10TH PASSED
CONTACT : MR. RAJESH
MOB.NO. 9307579475

## संपादकीय

# विश्व युद्ध के अनुभवों से समय रहते दुनिया को सबक लेने की जरूरत

पिछ्ले दो विश्व युद्धों के इतिहास से ज्यादातर लोग वाकिफ हैं। दो देशों के बीच शुरू हुआ टकराव कब एक युद्ध में बदल जाए, कब वह दोनों पक्षों के सहयोगी देशों के बीच फैल जाए और विश्व युद्ध की शक्ल ले ले, कहा नहीं जा सकता। विडंबना है कि अतीत के अनुभवों से सबक लेना जरूरी नहीं समझा जाता। अमूमन हर युद्ध में इसी गलती को दोहराया जाता है। अब इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष की आग अन्य देशों की ओर भी फैलती दिखने लगी है। गौरतलब है कि हाल ही में दमिश्क में ईरान के दूतावास पर इजराइल की ओर से हमला करने की खबर आई थी। उसमें ईरान के दो जनरलों की मौत हो गई थी। उसके बाद से ईरान ने इसे मुद्दा बनाया हुआ है और जवाबी कार्रवाई की धमकी दी है। मगर अब मामला धमकियों से आगे बढ़ गया लगता है और ईरान ने जिस तेवर में जवाबी कार्रवाई की बात की है, उससे दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। अमेरिका ने भी ईरान के हमले की तैयारी को लेकर चेतावनी दी है। भारत और अमेरिका सहित कई देशों ने अपने नागरिकों को सलाह दी है कि वे इस समय इजराइल और ईरान जाने से बचें। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा है कि जो लोग अभी ईरान या इजराइल में रह रहे हैं, वे वहां के भारतीय दूतावासों से संपर्क करें और अपना पंजीकरण कराएं। ईरान में फिलहाल लगभग चार हजार और इजराइल में साढ़े अठारह हजार भारतीय रहते हैं। मगर ईरान के तेवर तीखे होने के बाद जिस तरह युद्ध का दायरा फैलने की आशंका मंडराने लगी है, उसके मद्देनजर भारत सरकार इन दोनों देशों में रह रहे भारतीयों की संभावित निकासी के साथ-साथ अचानक पैदा होने वाली स्थितियों से निपटने की तैयारी कर रही है। जाहिर है, अगर किन्हीं वजहों से बातचीत के जरिए स्थिति को संभाला नहीं गया, युद्ध को टाला नहीं जा सका तो फिलहाल फिलिस्तीन और इजराइल के बीच चल रहे जंग का दायरा चिंताजनक स्तर तक फैल जा सकता है। इसलिए भारत या अन्य देशों का अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए समय रहते कदम उठाना जरूरी है।

संपादक,टीकम लालवानी

# आखिर कब थमेगी अपने ही युवाओं से खून की होली

**छत्तीसगढ़ के कांकेर में सुरक्षाबलों ने 29 नक्सलियों को ढेर कर दिया। इस ऑपरेशन के लिए सुरक्षाबलों को कड़ी मेहनत करनी पड़ी है। जवान नक्सलियों के अड्डे तक पहुंचने के लिए 20 घंटे तक पैदल चले हैं। नक्सलियों के समूह को देखने के बाद पुलिस ने फायरिंग शुरू की थी। जब बंदूकें शांत हुईं, तो जंगल के फर्श पर सूखे पत्तों के बीच 29 माओवादी मृत पड़े थे। इनमें ललिता, शंकर और दूसरे कमांडर विनोद गावड़े के शवों की पहचान सबसे पहले की गई। मृतकों में पंद्रह महिलाएं भी थीं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलियों के खिलाफ मिली सफलता को केन्द्र और राज्य में भाजपा सरकार की उपलब्धि बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बहुत कम समय में देश से नक्सलवाद को उखाड़ फेंका जाएगा। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद से इस अभियान को गति मिली है। नक्सली इलाकों में सुरक्षा बल कैंप लगाए जा रहे हैं। 19 के बाद इनकी संख्या 250 हो गई है।**

(योगेंद्र योगी)

छत्तीसगढ़ में पिछ्ले 14 सालों के भीतर 1582 नक्सली मुठभेड़ हुई है। इन मुठभेड़ के दौरान 1452 नक्सली मारे गए हैं। इस बीच 1002 आम नागरिकों की भी मौत हुई है। वहीं इन हमलों में 1222 जवान शहीद हो चुके हैं।

छत्तीसगढ़ के कांकेर में सुरक्षाबलों ने 29 नक्सलियों को ढेर कर दिया। इस ऑपरेशन के लिए सुरक्षाबलों को कड़ी मेहनत करनी पड़ी है। जवान नक्सलियों के अड्डे तक पहुंचने के लिए 20 घंटे तक पैदल चले हैं। नक्सलियों के समूह को देखने के बाद पुलिस ने फायरिंग शुरू की थी। जब बंदूकें शांत हुईं, तो जंगल के फर्श पर सूखे पत्तों के बीच 29 माओवादी मृत पड़े थे। इनमें ललिता, शंकर और दूसरे कमांडर विनोद गावड़े के शवों की पहचान सबसे पहले की गई। मृतकों में पंद्रह महिलाएं भी थीं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलियों के खिलाफ मिली सफलता को केन्द्र और राज्य में भाजपा सरकार की उपलब्धि बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बहुत कम समय में देश से नक्सलवाद को उखाड़ फेंका जाएगा। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद से इस अभियान को गति मिली है। नक्सली इलाकों में सुरक्षा बल कैंप लगाए जा रहे हैं। 19 के बाद इनकी संख्या 250 हो गई है। नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में छत्तीसगढ़ पुलिस से भी मदद मिल रही है। राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद तीन महीने में 80 से ज्यादा नक्सली मारे गए हैं। 125 गिरफ्तार हुए हैं और 150 ने आत्मसमर्पण किया है। देश के 10 राज्यों में 70 जिलों में नक्सलवाद का प्रभाव है। इसमें सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य झारखंड जहां 16 जिले हैं। वहीं छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित 14 जिले शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ में पिछ्ले 14 सालों के भीतर 1582 नक्सली मुठभेड़ हुई है। इन मुठभेड़ के दौरान 1452 नक्सली मारे गए हैं। इस बीच 1002 आम नागरिकों की भी मौत हुई है। वहीं इन हमलों में 1222 जवान शहीद हो चुके हैं। छत्तीसगढ़ में नई सरकार के गठन के बाद नक्सलियों को आशंका थी कि सरकार उनके खिलाफ अभियान तेज करेगी और हुआ भी ऐसा ही। राज्य की नई सरकार ने शान्ति का प्रस्ताव भी सामने रखा था लेकिन नक्सल नेताओं की तरफ से इस प्रस्ताव पर कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं आई। वहीं दूसरी तरफ पुलिस और सुरक्षाबलों को बस्तर में फ्री हैण्ड कर दिया गया हैं। ऐसे में पिछ्ले तीन महीनों में नक्सलियों को कई बड़े नुकसान उठाने पड़े हैं। अब तक जहां माओवादियों के बटालियन स्तर के नेता ही ढेर हुए थे तो इस बार शंकर राव




जैसे डिवीजन लेवल का नेता पुलिस के गोली का शिकार हुआ हैं। ऐसे में नक्सली प्रदेश में पूरी तरफ से बैकफुट में हैं। अब लगातार सवाल किये जा रहे हैं कि आखिर कब तक छत्तीसगढ़ को इस नक्सल दंश से छुटकारा मिल पायेगा और बस्तर में खून की होली थमेगी। सरकार, सुरक्षा बलों एवं स्थानीय लोगों की संयुक्त कोशिशों का परिणाम है कि पिछ्ले एक दशक में वामपंथी अतिवाद संबंधी घटनाओं, मौतों और उनके भौगोलिक प्रसार में काफी कमी आई है। जहाँ वर्ष 2010 में वामपंथी अतिवाद से प्रभावित ज़िलों की संख्या 96 थी वहीं वर्ष 2018 में प्रभावित ज़िलों की संख्या 60 रह गई है। वर्ष 2009 में जहाँ नक्सलवाद की घटनाओं और इन घटनाओं में मरने वालों की संख्या क्रमश 2258 व 1005 थी वहीं वर्ष 2018 में यह संख्या घटकर क्रमश 833 एवं 240 रह गई। देश के जिन 8 राज्यों के लगभग 60 जिलों में यह समस्या बनी हुई है उनमें ओडिशा के 5, झारखंड के 14, बिहार के 5, आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 10, मध्य प्रदेश के 8, महाराष्ट्र के 2 तथा बंगाल के 8 जिले शामिल हैं। वर्ष 2015 के बाद से नक्सलियों के 90 प्रतिशत हमले लगभग चार राज्यों- छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार और ओडिशा में हुए हैं।

माओवादियों के थिंक-टैंक और प्रथम पंक्ति के नेता या तो मारे जा चुके हैं या इस विचारधारा को छोड़ चुके हैं। भारत में नक्सली हिंसा की शुरुआत वर्ष 1967 में पश्चिम बंगाल में दार्जिलिंग ज़िले के नक्सलबाड़ी नामक गाँव से हुई और इसीलिये इस उग्रपंथी आंदोलन को 'नक्सलवाद' के नाम से जाना जाता है। ज़मींदारों द्वारा छोटे किसानों के उत्पीडऩ पर अंकुश लगाने के लिये सत्ता के खिलाफ चारू मजूमदार, कानू सान्याल और कन्हाई चटर्जी द्वारा शुरू किये गए इस सशस्त्र आंदोलन को नक्सलवाद का नाम दिया गया। यह आंदोलन चीन के कम्युनिस्ट नेता माओ त्से तुंग की नीतियों का अनुगामी था। आंदोलनकारियों का मानना था कि भारतीय मज़दूरों और किसानों की दुर्दशा के लिये सरकारी नीतियाँ ज़िम्मेदार हैं। ये लोकतंत्र एवं लोकतांत्रिक संस्थाओं के खिलाफ हैं और ज़मीनी स्तर पर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को खत्म करने के लिये हिंसा का सहारा लेते हैं। ये समूह देश के अल्प विकसित क्षेत्रों में विकासात्मक कार्यों में बाधा उत्पन्न करते हैं और लोगों को सरकार के प्रति भड़काने की कोशिश करते हैं। केंद्र और राज्य सरकारें माओवादी हिंसा को मुख्यत कानून-व्यवस्था की समस्या मानती रही हैं, लेकिन इसके मूल में गंभीर सामाजिक-आर्थिक कारण भी रहे हैं। नक्सलियों का कहना है कि वे उन आदिवासियों और गरीबों के लिये लड़ रहे हैं, जिनकी सरकार ने दशकों से अनदेखी की है। वे ज़मीन के अधिकार एवं संसाधनों के वितरण के संघर्ष में स्थानीय सरोकारों का प्रतिनिधित्व करते हैं। माओवाद प्रभावित अधिकतर इलाके आदिवासी बहुल हैं और यहाँ जीवनयापन की बुनियादी सुविधाएँ तक उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन इन इलाकों की प्राकृतिक संपदा के दोहन में सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की कंपनियों ने कोई कमी नहीं छोड़ी है। यहाँ न सड़कें हैं, न पीने के लिये पानी की व्यवस्था, न शिक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएँ और न ही रोजग़ार के अवसर। नक्सलवाद के उभार के आर्थिक कारण भी रहे हैं।

नक्सली सरकार के विकास कार्यों के कार्यान्वयन में बाधा उत्पन्न करते हैं। वे आदिवासी क्षेत्रों का विकास नहीं होने देते और उन्हें सरकार के खिलाफ भड़काते हैं। वे लोगों से वसूली करते हैं एवं समांतर अदालतें लगाते हैं। प्रशासन तक पहुँच न हो पाने के कारण स्थानीय लोग नक्सलियों के अत्याचार का शिकार होते हैं। अशिक्षा और विकास कार्यों की उपेक्षा ने स्थानीय लोगों एवं नक्सलियों के बीच गठबंधन को मज़बूत बनाया है। नक्सलवादियों की सफलता की वज़ह उन्हें स्थानीय स्तर पर मिलने वाला समर्थन रहा है, जिसमें अब धीरे-धीरे कमी आ रही है। सरकार नक्सली चरमपंथ से निबटने के लिये बहुआयामी रणनीति अपना रही है। इसमें सुरक्षा एवं विकास से संबंधित उपाय तथा आदिवासी एवं अन्य कमज़ोर वर्ग के लोगों को उनका अधिकार दिलाने से संबंधित उपाय शामिल हैं। सरकार वामपंथी अतिवाद से प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी ढाँचे, कौशल विकास, शिक्षा, ऊर्जा और डिजिटल संपर्कता का यथासंभव विस्तार करने के भी प्रयास कर रही है।

सरकार की इस नीति के परिणामस्वरूप नक्सलियों के हौसले कमज़ोर हुए हैं तथा उनके आत्मसमर्पण की संख्या लगातार बढ़ रही है। विमुद्रीकरण ने भी नक्सलियों को पहुँचने वाली वित्तीय सहायता पर लगाम लगाई है और इसके बाद से अब तक 700 से अधिक माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। सरकार वामपंथी अतिवाद से प्रभावित क्षेत्रों में सड़कें बनाने की योजना पर तेज़ी से काम कर रही है और वर्ष 2022 तक 48877 किमी. सड़कें बनाने का लक्ष्य रखा गया है। वामपंथी अतिवाद से प्रभावित क्षेत्रों में संचार सेवाओं को मज़बूत बनाने के लिये सरकार बड़ी संख्या में मोबाइल टावर लगाने का काम कर रही है। इसके तहत कुल 4072 टावर लगाने का लक्ष्य रखा गया है। निश्चित तौर पर पुलिस की दवाब बनाने की सक्रिय कार्रवाई और विकास बहुआयामी योजनाओं से नक्सली समस्या जड़मूल से समाप्त हो सकेगी।

### बिन्दु मिलाओ और कलर करो...




### वर्ग पहेली 5268

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | ■ | 4 | | 5 |
| 6 | | | ■ | 7 | | ■ | |
| 8 | | ■ | 9 | ■ | 10 | 11 | |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | | ■ |
| ■ | ■ | 15 | | | ■ | 16 | |
| 17 | | | ■ | 18 | 19 | | ■ |
| | ■ | | ■ | 20 | | ■ | 21 |
| 22 | | | ■ | 23 | | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. महात्मा गांधी ने केवल एक बार कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन की अध्यक्षता की यह अधिवेशन यहां आयोजित किया गया था (1924)(4)
4. भारत में पहली रेलगाड़ी अप्रैल 1853 में यहां से थाणे के बीच (34 किमी.) चलाई गई थी (3)
6. उच्चारण करना, बोलना (3)
7. शतरंज की एक चाल (2)
8. नेत्रहीन, तुरही, नयनहीन (2)
9. वस्तु, पदार्थ, द्रव्य, चीज (1)
10. सन्यासिन, योगिनी, साधुस्त्री (3)
12. धावनपथ, दौड़पथ (3)
14. सर्वश्रेष्ठ, अत्यंत, मुख्य, प्रधान (3)
15. प्रकार, ढंग, विधि (3)
16. नगमा, तराना, गाना (2)
17. झुकने या प्रणाम करने की क्रिया (3)
18. भूकर, राजस्व, लैंड रीवेन्यू (3)
20. सप्ताह का दिन, प्रहार करने की क्रिया (2)
22. जो सदा घूमता-फिरता रहता हो (3)
23. शरणदाता, प्रणतपाल, सरपर (4)


**ऊपर से नीचे**

1. बगुनाह, निरपराध (4)
2. तरंगण, कंपन, लहराव (4)
3. गीत प्रस्तुत करने की क्रिया, नगमा (2)
4. वाचाल, जबानदराज, बदलगाम (4)
5. आस्तिकतावाद, स्वार्थहीनता, धर्म विश्वास, ईश्वर पर विश्वास (3)
11. उदास, रंजीदा, शोकग्रस्त, दुखित (4)
13. वेतन देने वाला (5)
14. वह व्यक्ति जो कुश्ती लड़ना सिखाऐं (5)
17. पैगंबर साहब की उपाधि, समान, उदाह (उर्दू)(3)
19. लूटमार, ध्वस्त, बर्बाद (3)
21. क्रय-विक्रय की वस्तु, सुस्वादु भोजन, असबाब, भराई सामग्री, स्वादिस्ट आहार (2)

### वर्ग पहेली 5267 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जा | कि | र | हु | सै | न | ■ | ■ |
| मा | ला | ■ | त | नि | क | सा | ■ |
| ■ | ■ | रि | ■ | क | ब | त | क |
| ■ | त्रि | पु | रा | ■ | ■ | हिं | द |
| ■ | का | ■ | शि | खा | ■ | दु | ■ |
| झे | ल | म | ■ | ■ | वि | स्ता | र |
| ल | ■ | हु | मा | ■ | का | नी | न |
| म | ■ | आ | स | पा | स | ■ | वे |

### रास्ता खोजो



Reliance AUTHORISED DEALER
Konark Enterprises Pvt. Ltd.
Fully Computerised Weigh Bridge 50 TON
100% Quality & Quantity
Reliance Petrol Pump, Near Sai baba Mandir, Ambarnath




# क्या होता है लीप ईयर, क्यों हर चार साल पर आता है?

29 फरवरी। अब यह तारीख चार साल बाद आएगी। साल 2024 में फरवरी का महीना 28 दिन की जगह 29 दिन है। सामान्य तौर पर इसे लीप ईयर कहा जाता है। हर चार साल बाद लीप वर्ष आता है। लीप ईयर उन लोगों के लिए बेहद खास होता है, जिनका जन्म 29 फरवरी को हुआ होता है, क्योंकि उनका जन्मदिन हर चार साल में एक बार आता है।

## जानिए क्या होता है लीप ईयर?

लीप ईयर होने की वजह के पीछे एक खगोलीय घटना को माना जाता है। हम सभी को पता है कि धरती अपनी धुरी पर सूर्य के चारों ओर घूमती है। 365 दिन और 6 घंटे में धरती एक बार परिक्रमा करती है। हालांकि 6 घंटे दर्ज नहीं होते हैं। इसकी वजह से हर 4 साल में इन 6-6 घंटे की अवधि को जोड़ दिया जाता है, जिससे 24 घंटे का एक पूरा दिन होता है। इसकी वजह से हर चार साल में फरवरी महीने में एक दिन बढ़ जाता है और वह साल 366 दिन का हो जाता है। यही कारण है कि हर साल बाद फरवरी का महीना 29 दिन का होता है और उस साल को लीप ईयर कहते हैं।

## फरवरी में क्यों होता है लीप ईयर?

अब सवाल है कि आखिर अधिक दिन फरवरी में ही क्यों आता है। दूसरे किसी महीने में इस दिन को क्यों नहीं जोड़ा गया। दरअसल, पहले जूलियन कैलेंडर जो रोमन सौर कैलेंडर है, उसके मुताबिक, साल का पहला महीना मार्च और आखिरी महीना फरवरी होता था। इसकी वजह से फरवरी महीने में लीप ईयर को जोड़ा गया। इसके बाद जूलियन कैलेंडर की जगह जब ग्रेगोरियन कैलेंडर की शुरुआत हुई, तो पहला महीना जनवरी हो गया और फरवरी दूसरा। इसके बाद भी फरवरी में ही अधिक दिन को जोड़ा गया। इसके पीछे वजह यह भी थी कि फरवरी का महीना पहले से ही सबसे छोटा होता है।

## कैसे पता चलता है कि लीप ईयर है?

अभी भी बहुत से लोग लीप ईयर की गणना नहीं कर पाते हैं। आसान शब्दों में समझ सकते हैं. जिस साल को 4 से भाग करने पर शेष जीरो आ जाए, वो लीप ईयर होगा। उदाहरण के लिए समझे तो साल 2000 लीप ईयर था और 1900 लीप ईयर की श्रेणी में नहीं था, क्योंकि उसे 4 से भाग करने पर शेष जीरो नहीं बचता है। अगर साल 2024 को चार से भाग करें, तो इसका शेष जीरो आएगा। इसकी वजह से यह साल लीप ईयर है। इस क्रम में साल 2024 के बाद 2028, 2032 और 2036 लीप ईयर की श्रेणी में आएंगे।



# शिल्पकार का नाम पर है तेलंगाना का 800 साल पुराना रामप्पा मंदिर

**तेलंगाना का रामप्पा मंदिर जिसे रामलिंगेश्वर मंदिर भी कहा जाता है। इस प्राचीन मंदिर की खूबसूरती ऐसी है कि जो भी इसे देखता है अचंभित जरूर होता है। 800 साल पुराने इस शिव मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहता है। मंदिर को सिर्फ धार्मिक दृष्टि से ही नहीं बल्कि खूबसूरत शिल्प के चलते भी जाना जाता है।**



तेलंगाना का एक मंदिर अपनी बनावट और नाम के चलते भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करता रहता है। इस मंदिर में आने के लिए भक्त मानिए कि इंतजार करते हैं। ये है रामप्पा मंदिर जिसे रामलिंगेश्वर मंदिर भी कहा जाता है। इस प्राचीन मंदिर की खूबसूरती ऐसी है कि जो भी इसे देखता है अचंभित जरूर होता है। 800 साल पुराने इस शिव मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहता है। मंदिर को सिर्फ धार्मिक दृष्टि से ही नहीं बल्कि खूबसूरत शिल्प के चलते भी जाना जाता है। इसके आर्किटेक्चर के बारे में जानना भी काफी रोचक है।

## बनाने वाले का मिला नाम

रामलिंगेश्वर मंदिर को आम लोगों के बीच रामप्पा मंदिर भी कहा जाता है, इसके पीछे एक अनोखी बात है। दरअसल इस मंदिर को बनाने वाले शिल्पकार का नाम रामप्पा था। बाद में यही नाम मंदिर का भी रख दिया गया। ऐसा राजा के कहने पर किया गया था। वो मंदिर के शिल्प से इतने खुश हुए थे कि उनसे ऐसा किए बिना रह ही नहीं गया। उन्होंने मंदिर को शिल्पकर का ही नाम दे दिया था।

## 40 साल का समय

इस मंदिर को बनने में बहुत लंबा समय लगा था। पूरे 40 साल के बाद इस मंदिर का निर्माण पूरा हो पाया था। लेकिन मंदिर की सुंदरता देखकर ये समय भी कम ही लगता है। ये मंदिर भगवान शिव का है लेकिन यहां नंदी की मूर्ति भी है, जो मंदिर की ओर मुंह किए हुए है।

## काकतिया वंश के राजा

इस रामलिंगेश्वर मंदिर को काकतिया वंश के राजा ने बनवाया था। और इसका ख्याल उन्हें किसी खास घटना की वजह से नहीं आया था बल्कि 2013 ईसवीं में आंध्र प्रदेश में महाराजा गणपती देव को बस एक दिन यूंहीं ऐसे एक शिव मंदिर के निर्माण का ख्याल आया था। फिर उन्होंने इस काम का जिम्मा शिल्पकार रामप्पा को दिया था। ऐसा करते समय राजा ने सिर्फ एक ही बात बोली थी कि ये एक ऐसा मंदिर होना चाहिए, जो सालों तक टिका रहे, इसमें कोई दिक्कत ना आए।

मार्को पोलो ने माना चमकीला तारा

13वीं सदी में खोजकर्ता मार्को पोलो भारत आए थे। तब वो इस मंदिर को देखकर इतने खुश हुए थे कि इसको मंदिरों की आकाशगंगा में सबसे चमकीला तारा माना था।

## 800 साल बाद भी मजबूत

वरंगल से 67 किलोमीटर दूर बना ये मंदिर अब से करीब 800 साल पहले बनवाया गया था लेकिन ये जरा सा भी टूटा नहीं हैं। ये तब है जब इसी अवधि में बने कई दूसरे मंदिर अपनी रौनक खो चुके हैं। अब ऐसे में कई लोगों ने इसकी वजह जानने की कोशिश की। पालमपेट गांव स्थित इस मंदिर के पास पहुंच कई जांच करने के बाद भी इसकी मजबूती के पीछे का रहस्य कोई नहीं लगा पाया।

## पानी में तैरने वाला पत्थर

पुरातत्व विभाग ने मंदिर की गहन जांच की तो एक बेहद चौकाने वाली बात सामने आ। इस मंदिर में लगे पत्थरों की जांच में पाया गया कि ये पत्थर पानी में तैर सकते हैं। जबकि ज्यादातर प्राचीन मंदिर भारी पत्थरों से बनाए गए और बाद में उन्हें जीर्णोद्धार की जरूरत भी पड़ी। मगर इस मंदिर में सभी हल्के पत्थरों का इस्तेमाल हुआ था और यही वजह रही कि मंदिर को कभी कोई हानि हुई ही नहीं।

## हल्के पत्थर कहां कहां

पूरी दुनिया में सिर्फ रामसेतू के पत्थर ही ऐसे हैं जो पानी में तैर सकते हैं। अब रामलिंगेश्वर मंदिर को बनाते समय ये हल्के पत्थर कहां से आए ये एक सवाल है। माना ये भी जा रहा है कि शिल्पकार रामप्पा ने ये हल्के पत्थर खुद बनाए थे।

## झील की रौनक

मंदिर के पास एक सुंदर झील है, जिसके किनारे पर्यटन विभाग की ओर से बने कॉटेज यात्रियों को आराम देने का कम करते हैं। यहां विभाग की ओर से बने रेस्ट्रा भी हैं।






# हजारों फीट ऊंचाई पर मिले वायरस, भारत समेत इन देशों पर मंडराया खतरा!

ग्लोबल वॉर्मिंग की वजह से पूरी दुनिया में गर्मी बढ़ रही है, जिसकी वजह से ग्लेशियर पिघल रह रहे हैं। तिब्बत में स्थित ग्लेशियर भी तेजी से पिघल रहे हैं। यहां पर 15 हजार साल पुराना वायरस मिला है, जो भारत, चीन और म्यांमार के लिए खतरनाक साबित हो सकते हैं। इन प्राचीन वायरस के संक्रमण का कोई इलाज नहीं है। पूरी दुनिया में पर्माफॉस्ट पिघलने से प्राचीन जीव, वायरस, बैक्टीरिया जैसी चीजें बाहर आ रही हैं। ग्लेशियरों और पर्माफॉस्ट के पिघलने की वजह से वूली राइनो से लेकर 40 हजार साल पुराने विशालकाय भेड़िये और 7.50 लाख साल पुराने बैक्टीरिया के निकलने की जानकारी मिली है। इनमें से कई मरे नहीं है। वैज्ञानिकों ने सदियों पुराने मॉस में लैब के अंदर वापस जीवन डाला है। यह बेहद छोटे हैं और 42 हजार साल पुराने राउडवॉर्म हैं। वैज्ञानिकों ने हाल ही में तिब्बत के पठारों पर स्थित गुलिया आइस कैप के पास 15 हजार साल पुराना वायरस खोजा है। यह कई प्रजातियों के हैं, जिनकीं संख्या दर्जनों में है। ओहायो स्टेट यूनिवर्सिटी के माइक्रोबायोलॉजिस्ट झी-पिंग झॉन्ग ने यह इंसानों के लिए किसी भी वक्त खतरा पैदा कर सकते हैं।

**28 वायरस के बारे में किसी को नहीं है जानकारी**

चीन में समुद्री सतह से 22 हजार फीट की ऊंचाई पर तिब्बत के पिघलते ग्लेशियर के नीचे यह वायरस मिले हैं। वैज्ञानिकों ने 33 वायरस की खोज की है, जिनमें 28 के बारे में किसी को जानकारी नहीं है। यह पहले कभी नहीं देखे गए हैं और इनके संक्रमण का कोई इलाज नहीं हो सकता है। ओहायो स्टेट यूनिवर्सिटी के दूसरे वैज्ञानिक मैथ्यू सुलिवन ने बताया कि इन वायरसों ने अपना जीवन चरम स्थितियों में बिताई है। अब यह किसी भी तरह के तापमान या मौसम को झेल सकते हैं। मैथ्यू ने बताया कि इनके जीन्स का अध्ययन किया गया है जिससे पता है कि इनके लिए किसी भी तरह का चरम मौसम सामान्य है। इससे पहले तिब्बत के ग्लेशियर में बैक्टीरिया के मिलने की जानकारी मिली थी। यह इतनी तेजी से हो रहा है जिसकी वजह से इंसानों के सामने कठिन भविष्य का संकट खड़ा है। इंसानों को मौसम ही नहीं बल्कि इस तरह के खतरों से जूझना पड़ेगा। बीते साल तिब्बत के ग्लेशियरों में बैक्टीरिया की 1000 नई प्रजातियां खोजी गई थीं। इनमें से सैकड़ों के बारे में वैज्ञानिक कुछ नहीं जानते हैं। जलवायु परिवर्तन की वजह से यह ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। यह पिघलते हैं, तो इनका पानी बैक्टीरिया के साथ चीन और भारत की नदियों में मिलेगा। इस पानी को पीकर लोग नई बीमारियों से संक्रमित हो सकते हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंस के वैज्ञानिकों द्वारा तिब्बती पठारों पर मौजूद 21 ग्लेशियरों का सैंपल जमा किया गया था। यह सैंपल 2016 से 2020 के बीच लिए गए थे, जिनमें 968 प्रजातियों के बैक्टीरिया मिले। इनमें 82 फीसदी बैक्टीरिया एकदम नए हैं। इनके बारे में दुनियाभर के वैज्ञानिकों को कोई जानकारी नहीं है।





**प्रकृति की शानदार कलाकारी का नमूना ही तो है ये अनोखा फूल मंकी ऑर्किड। इक्काडोर, कोलंबिया और पेरू जैसे पहाड़ी क्षेत्रों में यह फूल पाया जाता है। इसका वैज्ञानिक नाम ड्रेकुला सिमिआ है। ये फूल समुद्रतल से लगभग हजार से दो हजार मीटर पर पाए जाते हैं। इसकी खुशबू नारंगी के फल की तरह होती है। छोटे बंदर का मुस्कुराता हुआ चेहरा दिखता है और लगता है जैसे सिर पर अनोखी टोपी इसने लगा रखी है।**

# प्रकृति की शानदार कलाकारी का नमूना है ड्रेकुला सिमिआ

दुनिया में कितने तरह के फूल और फल हैं। आपने मैसूर के किले में साल में एक बार खिलने वाले फूल के बारे में तो सुना और देखा ही होगा, हिमालय की वादियों में वे फल भी बेहद रहस्यमयी और आकर्षण का केंद्र होते हैं जिनका आकार लड़की के शरीर के समान होता हैं सिर से लेकर पैर तक, एक-एक नयन नक्श एक युवती के समान ही नजर आते हैं। इसे देखकर तो प्रकृति की कारीगरी पर हैरानी होती हैं। इसके बारें में ये भी कहा जाता है कि इन फूलों तक पहुंचना आसान नही हैं ये जितने दुर्लभ हैं उतनी ही अधिक ऊंचाई पर हिमालय में पाए जाते हैं, लेकिन आज हम आपको जिस फूल के बारे में बताने जा रहे हैं वह एकदम मंकी तरह दिखाई देता है। इस फूल को देखने पर आप यकीन नहीं कर पाएंगे कि ये फूल ही है। यह मंकी के फेस से इतना मिलता-जुलता है कि ऑरिजनल नही आर्टिफिशियल नजर आता है, लेकिन यकीन मानिए ये फूल पूरी तरह ऑरिजनल और प्रकृति की शानदार कलाकारी का नमूना है।

## साइंटिफिक नेम ड्रेकुला सिमिआ

इसकी खास बात ये है कि मंकी फेस के इस फूल में छोटे मंकी का मुस्कुराता हुआ चेहरा नजर आता है। देखने पर ये बेहद क्यूट नजर आता है और ऐसा लगता है मानो मंकी ने अपने सिर पर अनोखी टोपी लगा रखी है। इसका साइंटिफिक नेम ड्रेकुला सिमिआ है।


## समुद्रतल से लगभग 1000 से 2000 मीटर पर

मुख्यत: यह अनोखा फूल, इक्काडोर, कोलंबिया और पेरू स्थित पहाड़ी क्षेत्रों में पाया जाता है। ये समुद्रतल से लगभग 1000 मीटर से 2000 मीटर पर पाए जाते हैं। यह एक सदाबहार फूल है। हर मौसम में लिटिल स्माइली मंकी के साथ खिलता है। इसकी खुशबू ठीक वैसी ही होती है जैसी हम नारंगी के फल में महसूस करते हैं।



# कुदरत खुद बनाती है इटली के साउथ टायरोल में खूबसूरत पिरामिड

आपने हजारों साल पहले इंसानों के बनाए मिस्र के पिरामिडों के बारे में तो बहुत सुना और देखा होगा, लेकिन आपको बता दें कि कुदरत खुद भी पिरामिड बनाती है और उसे गिरा देती है और फिर बना डालती है। जी हाँ, यह प्राकृतिक घटना होती है इटली के साउथ टायरोल प्रांत में जहां प्रकृति का यह अजूबा करिश्मा देखने को मिलता है। मिट्टी और पत्थर के बने ये खूबसूरत पिरामिड्स प्राकृतिक रूप से आकृति लिए हुए हैं। इन्हें अर्थ पिरामिड भी कहा जाता है। ये पिरामिड मूसलाधार बारिश की वजह से हुए भूस्खलन से बने होते हैं। सतह से बीसियों फुट ऊपर तक खड़े ये खंबे वास्तव में हमारी पृथ्वी के पिरामिड हैं।



# हेलीकॉप्टर में चढ़ते समय लड़खड़ाकर गिरीं बंगाल की सीएम

- दुर्गापुर में हुई घटना, पिछले महीने घर में गिर जाने से माथे पर चोट लगी थी

**दुर्गापुर (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शनिवार को हेलीकॉप्टर में चढ़ने के दौरान लड़खड़ाकर गिर गईं। ये हादसा पश्चिम बर्धमान के दुर्गापुर में हुआ। ममता वहां चुनाव प्रचार करने गई थीं। घटना का वीडियो सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि ममता अपनी कार से निकलकर हेलीकॉप्टर में चढ़ रही थीं। इसी दौरान हेलीकॉप्टर के गेट पर उनका पैर स्लिप हो गया और वो गिर गईं। ममता के सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें संभाला। हालांकि उन्हें हल्की चोट लगी है। घटना के बाद ममता ने अपनी चुनावी यात्रा जारी रखी। दुर्गापुर के बाद वो आसनसोल के लिए रवाना हुईं। इसके पहले ममता बनर्जी 14 मार्च को कोलकाता में अपने घर में गिर गईं थीं। वर्धमान लोकसभा सीट



पर टीएमसी के प्रत्याशी कीर्ति आजाद और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष के बीच मुकाबला है। ममता 14 मार्च को कोलकाता स्थित अपने घर में गिरने से गंभीर रूप से चोटिल हो गई थीं। टीएमसी ने बताया कि उनके माथे पर गंभीर और गहरी चोट आई थी। इसके बाद भतीजे अभिषेक बनर्जी उन्हें अस्पताल ले गए, जहां उन्हें कुछ टांके लगे थे। सीएम मीडिया कोऑर्डिनेटर ने बताया था, मुख्यमंत्री अपने घर में चलते हुए फिसल गईं और शो पीस पर गिरने के चलते उन्हें चोट लग गई थी। ममता को इस साल जनवरी में भी सिर पर चोट लगी थी। वह 24 जनवरी को सड़क मार्ग से बर्धमान से कोलकाता लौट रही थीं। तेज बारिश हो रही थी। धुंध की वजह से अचानक कार के ब्रेक लगाने से ममता का सिर टकरा गया था, जिससे हल्की चोट आई थी। ममता बनर्जी को 27 जून को विदेश यात्रा के दौरान बाएं घुटने में चोट लग गई थी। इसी घुटने में उन्हें साल 2023 की शुरुआत में हेलीकॉप्टर से उतरते समय भी चोट लगी थी। उनके घुटनों की जांच अस्पताल में की गई। जांच में ममता के बाएं पैर के घुटने के लिगामेंट में चोट का पता चला था। साथ ही उनके बाएं कूल्हे के जोड़ में भी चोट के निशान थे। अस्पताल में उन्हें भर्ती होने की सलाह दी गई थी, लेकिन उन्होंने अपना इलाज घर पर ही करवाया था।

बदल रहा है केरल

# 'घर' पर ही घिरे सीएम विजयन लग सकता है तगड़ा झटका!

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** केरल में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी को लोकसभा चुनावों के बीच बड़ा झटका लगने की आशंका है। सीनियर नेता ई. पी. जयराजन के भाजपा में

- **सीपीएम के बड़े नेता की बीजेपी में शामिल होने की अटकलें**

शामिल होने की अटकलों को लेकर राज्य में सत्तारूढ़ वाम दल परेशान दिखे। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने अपने सहयोगी जयराजन को आगाह किया कि वह अपने संबंधों को लेकर सतर्क रहें। विजयन ने सत्तारूढ़ वाम



लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के संयोजक जयराजन को आगाह किया और स्थानीय कहावत का इस्तेमाल करते हुए कहा, 'अगर भगवान शिव किसी पापी से जुड़ जाते हैं, तो शिव भी पापी बन जाएंगे।' सीएम का यह बयान बीजेपी लीडर शोभा सुरेंद्रन की ओर से जयराजन को अपनी पार्टी में शामिल करने संबंधी प्रयास का जिक्र किए जाने के बाद आया। 2 दिन पहले शोभा ने आरोप लगाया था कि एक मध्यस्थ ने शीर्ष माकपा नेता की मदद करने की कोशिश की थी, जो भाजपा में शामिल होना चाहते थे। गुरुवार को उन्होंने दावा किया कि वह नेता ईपी जयराजन थे। कन्नूर में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में कुछ लोग ऐसे हैं जो हर दिन यह सोचते हुए उठते हैं कि किसे धोखा देना है। भाजपा और जयराजन के बीच कथित मध्यस्थ की भूमिका टी जी नंदकुमार ने निभाई।

# केजरीवाल की सरकार पर 'हाई' हुआ हाईकोर्ट का पारा

- एचसी ने कहा-केजरीवाल को सिर्फ सत्ता की है चाह, बच्चों से सीएम का मतलब नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) स्कूलों में 2 लाख से ज्यादा बच्चों को किताबें और यूनिफॉर्म मिलने में देरी को लेकर केजरीवाल सरकार को फटकार लगाई। कोर्ट ने शुक्रवार 26 अप्रैल को कहा कि अरविंद केजरीवाल ने शराब नीति केस में गिरफ्तारी के बावजूद इस्तीफा न देकर व्यक्तिगत हित को राष्ट्रीय हित से ऊपर रखा है। एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की डिवीजन बेंच ने कहा कि केजरीवाल को सिर्फ सत्ता की चाहत है। दिक्कत यह है कि आप सत्ता हथियाने की कोशिश कर रहे हैं। यही कारण है कि



आपको सत्ता नहीं मिल रही है। दिल्ली हाईकोर्ट सोशल ज्यूरिस्ट नाम के संगठन की तरफ से दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहा था। इसमें बताया गया कि एमसीडी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को किताबें नहीं मिली हैं।

# लोकसभा के चुनाव में हमारा इस्तेमाल न करें भारतीय नेता

**पकिस्तान बोला-राजनीति के लिए हमें मुद्दा बनाना ठीक नहीं**

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान की विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता जहरा बलोच ने कहा है कि भारतीय नेताओं के बयानों से क्षेत्र की शांति खतरे में पड़ सकती हैं। पाकिस्तान ने भारतीय नेताओं से चुनावों में राजनीतिक लाभ लेने के लिए पाकिस्तान का नाम नहीं घसीटने की मांग



की है। 26 अप्रैल को प्रेस ब्रीफिंग के दौरान पाकिस्तान की विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने कहा कि भारतीय नेता वोट के लिए अपने भाषणों और बयानों में पाकिस्तान को मुद्दा बनाना बंद करें। पाकिस्तानी प्रवक्ता ने जम्मू-कश्मीर पर भारत के नेताओं की ओर से किए जा रहे सभी दावों को भी खारिज किया है। उन्होंने कहा है कि भारतीय नेता जम्मू- कश्मीर पर अपने गलत दावे करना बंद कर दें। पाकिस्तान का बयान ऐसे समय पर आया है, जब कुछ दिन पहले ही पाकिस्तानी व्यापारियों ने भारत से व्यापार शुरू करने के लिए दोनों देशों के बीच रिश्ते सुधारने की मांग की थी। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता जहरा बलोच ने कहा,हम पिछले कुछ समय से भारतीय नेताओं की ओर से जम्मू कश्मीर पर दिए जा रहे भड़काऊ भाषणों में बढ़ोतरी देख रहे हैं। ये बेहद चिंताजनक है।

# महाराष्ट्र में मुश्किल में फंसी कांग्रेस, अपनों ने ही घेरा

- पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष ने मल्लिकार्जुन खड़गे को लिखी चिट्ठी



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मंत्री मोहम्मद आरिफ नसीम खान ने पार्टी की कैंपेन कमेटी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को चिट्ठी लिखकर इसकी जानकारी दी। नसीम ने कहा- महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों पर महा विकास अघाड़ी ने एक भी मुस्लिम कैंडीडेट को टिकट नहीं दिया।

# बाहुबली धनंजय सिंह की प्रयागराज हाईकोर्ट से जमानत हो गई मंजूर

**जौनपुर (एजेंसी)।** जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह की इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मंजूर हो गई है। यह फैसला शनिवार को तब आया जब जौनपुर से पुलिस-प्रशासन उसे एंबुलेंस में लेकर बरेली जेल शिफ्ट करने के



लिए निकल चुका था। धनंजय रास्ते में ही थे, तभी उनकी जमानत की खबर आ गई। हालांकि, हाईकोर्ट ने धनंजय सिंह की 7 साल की सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। ऐसे में वह खुद चुनाव नहीं लड़ सकते हैं। जौनपुर एमपी-एमएलए कोर्ट ने धनंजय सिंह को 7 साल की सजा सुनाई थी। फैसले के खिलाफ धनंजय ने हाईकोर्ट में अपील दाखिल करते हुए सजा पर रोक लगाने और जमानत की मांग की थी। हाईकोर्ट के जस्टिस संजय कुमार सिंह की

- **जौनपुर से बरेली जेल शिफ्ट कर रहे थे, रास्ते में ही मिल गई जमानत**

सिंगल बेंच ने यह फैसला सुनाया। 25 अप्रैल को कोर्ट ने इस मामले में बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। बहस के दौरान पूर्व सांसद के वकील ने कोर्ट से कहा था कि धनंजय सिंह को राजनीतिक साजिश का शिकार बनाया गया है। धनंजय सिंह की पत्नी और बसपा प्रत्याशी श्रीकला रेड्डी ने जौनपुर में प्रेस कांफ्रेंस की।

# तीरंदाजी विश्व कप में भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने जीता स्वर्ण



**शंघाई , एजेंसी।** छह-छह तीरों के पहले तीन प्रयास में, ज्योति, अदिति और परनीत केवल दो बार परफेक्ट 10 से चूकीं। इन तीनों ने शुरुआत में ही मार्सेला टोनियोली, आइरीन फैंचिनी और एलिसा रोनर की इटली की तिकड़ी पर 178-171 की अच्छी बढ़त ले ली थी। भारतीय पुरूष और महिला कंपाउंड टीमों ने तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते।

शंघाई में चल रहे तीरंदाजी विश्व कप में महिलाओं की कंपाउंड टीम स्पर्धा में इटली को 236-225 से हराकर अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। शीर्ष वरीयता प्राप्त ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की टीम ने 24 तीरों में से केवल चार अंक गंवाकर छठी वरीयता प्राप्त इटली को अच्छे अंतर से हरा दिया और सीजन के शुरुआती वैश्विक शोपीस में अपना खाता खोला। छह-छह तीरों के पहले तीन प्रयास में, ज्योति, अदिति और परनीत केवल दो बार परफेक्ट 10 से चूकीं।

इन तीनों ने शुरुआत में ही मार्सेला तोनिओली, इरेने फ्रांचिनी और एलिसा रोनेर की इटली की तिकड़ी पर 178-171 की अच्छी बढ़त ले ली थी। अंत में भारतीय खिलाड़ियों ने दो अंक गंवाए, लेकिन इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ा और उन्होंने 11 अंकों के अंतर से स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया।

पुरूष टीम में अभिषेक वर्मा, प्रियांश और प्रथमेश एफ ने नीदरलैंड को 238-231 से मात दी। नीदरलैंड की टीम में माइक शोलेसर, सिल पीटर और स्टेफ विलेम्स थे। चौथी वरीयता प्राप्त पुरूष टीम ने 60 स्कोर करके परफेक्ट शुरूआत की और अगले दो सेट में दो ही अंक गंवाए। इसके बाद फाइनल सेट में परफेक्ट 60 स्कोर करके जीत दर्ज की।

टी-10 लीग

# यूपी के 10 शहरों में खेला जाएगा लीजेंड्स टेन-10 लीग, टूर्नामेंट से जुड़ेंगे गंभीर-रैना जैस दिग्गज




**नई दिल्ली, एजेंसी।** लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) टेन-10 लीग अपना महाअभियान शुरू करने के लिए तैयार है। टेनिस बॉल से खेले जाने वाले क्रिकेट टूर्नामेंट में 80 टीमों और 1280 खिलाड़ियों की भागीदारी होने वाली है। उत्तर प्रदेश के दस स्थलों गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ, कानपुर, नोएडा, गाजियाबाद, आगरा, अलीगढ़ और मेरठ में लीग के 300 मैच खेले जाएंगे। प्रत्येक टीम में एक लीजेंड मेंटर होगा।

## ये दिग्गज क्रिकेटर होंगे टूर्नामेंट का हिस्सा

प्रतिभागी टीमों से गौतम गंभीर, हरभजन सिंह, क्रिस गेल, इरफान पठान, सुरेश रैना, ब्रेट ली, मोहम्मद कैफ, रोबिन उथप्पा और शेन वॉटसन जैसे दिग्गज खिलाड़ी जुड़ेंगे। इस पहल का उद्देश्य क्रिकेटरों को केंद्र सरकार के फिट इंडिया अभियान के तहत फिटनेस पर ध्यान देने, क्रिकेट के कौशल को निखारने और खेल भावना का विकास करना है।

## समाज में योगदान देने पर विश्वास

टेन-10 लीग के बारे में एलएलसी के सह-संस्थापक रमन रहेजा कहते हैं कि लीजेंड्स लीग क्रिकेट समाज में योगदान देने में विश्वास रखता है। यह भारत सरकार की पहल फिट इंडिया का हिस्सा बन गया है। हम हर उम्र और हर तबके के खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने चाहते हैं ताकि वे क्रिकेट के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं। उन्हें क्रिकेट के गुरुओं के मार्गदर्शन में शामिल कर हम उन्हें कौशल और फिटनेस बढ़ाने का अवसर दे रहे हैं।

## बेहतरीन क्वालिटी के साथ स्ट्रीम होंगे मैच

उन्होंने बताया कि सभी प्रमुख स्पोर्ट्स ओटीटी पर बेहतरीन प्रोडक्शन क्वालिटी के साथ पूरा टूर्नामेंट स्ट्रीम किया जाएगा।

नई प्रतिभाओं को पूरी दुनिया में पहुंच और पहचान मिलेगी। नई हाइपर लोकल क्रिकेट टूर्नामेंट में उम्र की सीमा नहीं रहेगी। किसी को भी प्रीमियम क्रिकेट खेलने का मौका मिल सकता है। टूर्नामेंट खेल प्रेमियों के लिए उनके पसंदीदा दिग्गज खिलाड़ियों के साथ मिलने और जुड़ने का एक बड़ा अवसर होगा।

# पर्यटकों के लिए 1 मई से बंद होगा धर्मशाला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में होने वाले आईपीएल मैचों की तैयारियों के चलते धर्मशाला स्टेडियम में 1 मई से पर्यटकों का प्रवेश रहेगा। अब मैचों के बाद ही बाहरी राज्यों और प्रदेश के विभिन्न जिलों से आने वाले पर्यटकों को स्टेडियम में प्रवेश दिया जाएगा। धर्मशाला स्टेडियम में 5 और 9 मई को आईपीएल मैच खेले जाने हैं। 5 मई को पंजाब किंग्स इलेवन और चेन्नई सुपर किंग के बीच मैच खेला जाएगा। 9 मई को पंजाब किंग्स इलेवन और रॉयल चैलेंजर बंगलुरू की भिड़ंत होगी। पंजाब और चेन्नई की टीमें तीन मई को धर्मशाला पहुंच जाएंगी। टीमों के ठहरने के लिए क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से रेडिसन ब्लू होटल में व्यवस्था की गई है। एचपीसीए की ओर से स्टेडियम में चल रहे कामों को भी दो मई तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। स्टेडियम के स्टैंडों की साफ-सफाई की जा रही है। एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने बताया कि तैयारियों में किसी तरह की रुकावट न आए, इसलिए पर्यटकों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। एक मई से स्टेडियम में पर्यटकों का प्रवेश बंद कर दिया जाएगा, ताकि मैचों की तैयारियों में किसी प्रकार की दिक्कत पेश न आए। दस मई के बाद ही स्टेडियम में पर्यटकों और आम लोगों को प्रवेश दिया जाएगा।

उबेर कप

# अशिमता, प्रिया-श्रुति ने भारत को कनाडा पर 2-0 की बढ़त दिलाई

**चेंगदू (चीन), एजेंसी।** अशिमता चालिहा (विश्व रैंक 53) ने शनिवार को यहां उबेर कप 2024 में राष्ट्रमंडल खेलों की पूर्व चैंपियन कनाडा की मिशेल ली (विश्व रैंक 25) को सीधे गेमों में 26-24, 24-22 से हराया। . प्रिया और श्रुति



मिश्रा ने भी जेसलिन चोई और कैथरीन चाउ के खिलाफ अपना पहला मैच 21-12, 21-10 से जीतकर भारतीय महिलाओं को कनाडा के खिलाफ अपने पहले ग्रुप चरण मुकाबले में 2-0 की बढ़त दिला दी। महिला टीम को उबेर कप ग्रुप ए में रखा गया है और कनाडा और 15 खिताबों के साथ आयोजन के इतिहास की सबसे सफल टीम चीन के बाद सिंगापुर से 30 अप्रैल को भिड़ेगी। इस साल की शुरुआत में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद महिला टीम ने उबेर कप 2024 के लिए क्वालीफाई किया।

**IPL में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए सबसे ज्यादा छक्के**



| खिलाड़ी | छक्के |
|---|---|
| आंद्रे रसेल | 202 |
| नीतीश राणा | 106 |
| सुनील नरेन | 88 |
| यूसुफ पठान | 85 |
| रॉबिन उथप्पा | 85 |

# कोलकाता के लिए 200+ छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज रसेल

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता ने आईपीएल में अब तक दो बार 250+ का स्कोर बना लिया है। वह सनराइजर्स हैदराबाद के बाद सबसे ज्यादा बार 250+ का आंकड़ा छूने वाली आईपीएल की टीम है। कोलकाता के अलावा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने भी दो बार ऐसा किया है।

सनराइजर्स तीन बार ऐसा कर चुकी है। आईपीएल 2024 के 42वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम पंजाब किंग्स के खिलाफ भले ही हार गई हो, लेकिन आंद्रे रसेल ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया है। वह इस टीम के लिए 200+ लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। पंजाब के खिलाफ रसेल 12 गेंद में दो चौके और दो छक्के की मदद से 24 रन की पारी खेली। वह कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए अब तक 202 छक्के लगा चुके हैं। दूसरे नंबर पर नीतीश राणा हैं और उन्होंने 106 छक्के लगाए हैं।



# घर में शंख रखते हैं तो वास्तुशास्त्र के इन 7 नियमों का पालन जरूर करें, बरसने लगेगी देवी लक्ष्मी की कृपा

शंख की उत्पत्ति समुद्र से हुई है। हिन्दू पौराणिक कहानियों में जब देवताओं और दानवों के बीच समुद्र मंथन हुआ था, तो 14 रत्नों में से शंख भी समुद्र से निकला था। समुद्र से ही देवी लक्ष्मी भी प्रकट हुई थी, इसलिए माना जाता है कि शंख पर देवी लक्ष्मी की विशेष कृपा होती है। घर में शंख रखने से आप पर माता लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है। घर में शंख रखने से कुछ नियम जुड़े हुए हैं, जिनका आपको पालन जरूर करना चाहिए। आइए, जानते हैं शंख से जुड़े नियम। समुद्र मंथन से 14 रत्नों की प्राप्ति हुई थी। इन रत्नों में से माता लक्ष्मी भी समुद्र से ही प्रकट हुई थी। माता लक्ष्मी की तरह ही शंख भी समुद्र मंथन से प्राप्त हुआ था, इसलिए शंख को बहुत शुभ माना जाता है। माना जाता है कि शंख पर माता लक्ष्मी की कृपा होती है और आप अगर घर में शंख रखते हैं, तो आपको भाग्य का साथ मिलता है, साथ ही धन लाभ के द्वार भी खुल जाते हैं। पूजा-पाठ और धार्मिक कार्यों में शंख बजाने से वातावरण शुद्ध होता है और आपके घर में सुख-समृद्धि का वास होता है। वहीं, वास्तु शास्त्र के अनुसार भी घर में शंख रखने से सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है लेकिन घर में शंख रखने का शुभ प्रभाव तभी आपको मिल पाएगा, जब आप शंख रखने से जुड़े नियमों का पालन करेंगे। आइए, जानते हैं घर में शंख रखने से जुड़े नियम कौन-से हैं।

शंख को रखने की सबसे अच्छी जगह आपके घर का पूजा घर होती है क्योंकि पूजा घर दूसरी जगहों से ज्यादा साफ होता है। आपको पूजा घर में भी हमेशा शंख को भगवान के पास ही रखना चाहिए। शंख को किसी लाल या पीले कपड़े के ऊपर ही रखें। साथ ही इसे ढककर ही रखें। इससे शंख में कोई धूल-मिट्टी नहीं जाएगी और शंख की पवित्रता बनी रहेगी। आप चाहें, तो शंख को वहां भी रख सकते हैं, जहां पर आप पूजा सामग्री रखते हैं।

## शंख के बजाने के बाद इसे शुद्ध जरूर करें

पूजा करने से पहले और बाद में आप जब भी शंख का उपयोग यानी इसे बजाने के बाद इसे हर बार शुद्ध करना बेहद जरूरी है। शंख बजाने के बाद एक कटोरे में पानी और गंगाजल दोनों को मिला लें। अब इसमें शंख को पानी में डुबोकर निकालें। इसके बाद शंख को एक साफ कपड़े से साफ करके सुखाकर फिर से मंदिर में घर दें। इस क्रिया को हमेशा शंख बजाने के बाद जरूर करें। इससे शंख स्वच्छ हो जाता है।

## शंख को कभी जमीन पर न रखें

शंख को कभी भी जमीन पर नहीं रखना चाहिए। इसे शंख का निरादर माना जाता है। आप शंख को हमेशा एक कपड़े के ऊपर ही रखें। अगर आपको शंख को पानी से साफ करना है, तो भी आप शंख को पानी से निकालकर कपड़े में लपेटकर साफ करें। इसे कभी भी जमीन पर नहीं रखना चाहिए। साथ ही साफ करने के बाद शंख को कपड़े से सही से सुखाने के बाद ही रखें। इस पर पानी की बूंदे नहीं होनी चाहिए।

## शंख का मुंह ऊपर की तरफ रखें

शंख की सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखने के लिए शंख को सही तरह से रखना भी बहुत जरूरी है। शंख में कभी भी जल भरकर न रखें। शंख का मुंह ऊपर की तरफ करके रखना चाहिए, इससे शंख से निकलने वाली सकारात्मक ऊर्जा पूरे घर में फैली रहती है। शंख को हमेशा भगवान विष्णु, लक्ष्मी और भगवान कृष्ण के पास ही रखें। इससे शुभ का प्रभाव और भी बढ़ जाता है।

## शंख को हमेशा इन दिशाओं में रखें

शंख को घर में पूर्व दिशा की ओर रखना चाहिए। कोशिश करें कि आपके घर का मंदिर भी पूर्व दिशा की तरफ हो। इससे घर में सकारात्मकता का वास रहता है। पूर्व दिशा के अलावा आप शंख को उत्तर-पश्चिम दिशा में भी रख सकते हैं। इससे भी माता लक्ष्मी की कृपा आप पर बनी रहती है।

## धन लाभ के लिए शंख का उपाय

धन प्राप्ति के लिए आपको शंख का एक उपाय जरूर रखना चाहिए। पूजा करने के बाद शंख में गंगाजल भरकर पूरे घर में छिड़क दें। इसके बाद माता लक्ष्मी से धन प्राप्ति और मनोकामनाओं को पूरा करने के लिए प्रार्थना करें। इससे घर की नकारात्मक ऊर्जा समाप्त हो जाती है और घर में सकारात्मकता का वास होता है। इसके साथ ही आपको कर्ज से मुक्ति मिलती है और धन लाभ होता है।

## शंख को कभी बिना वजह न बजाएं

कई लोग शंख बजाने का अभ्यास करते हैं लेकिन ऐसा करना अच्छा नहीं माना जाता है। बिना किसी कारण के शंख को नहीं बजाना चाहिए। आप पूजा से पहले और पूजा के बाद ही शंख बजाने का अभ्यास कर सकते हैं लेकिन अकारण ही शंख न बजाएं। इससे घर में नकारात्मकता फैलती है। शंख बजाने से वातावरण शुद्ध होता है। शंख की ध्वनि से वातावरण में मौजूद छोटे बैक्टीरिया मर जाते हैं, जिससे आप बीमारियों से भी बचे रहते हैं।

# क्या कहते आपके सितारे




**मेष** आप अपनी कमियों से सीखने का प्रयास करें। पुरानी उधारी चुकाने का दबाव रहेगा। मित्रों की छोटी-मोटी बातों को तूल न दें। जीवनसाथी आपसे काफी प्रसन्न रहेगा। मित्रों के लिये उपहार खरीद सकते हैं। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही बिल्कुल भी न करें।




**वृषभ** कार्यक्षेत्र में आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। दाम्पत्य सम्बन्धों में प्रेम भाव बढ़ेगा। बच्चों के साथ काफी अच्छा समय बितायेंगे। धर्म-कर्म में आपकी स्वाभाविक रुचि और बढ़ेगी। धन को लेकर उलझे मामले सुलझ सकते हैं।




**मिथुन** आज आपकी दिनचर्या काफी अस्त-व्यस्त रहेगी। घरवालों के साथ समय बिताने का प्रयास करेंगे। फाइनेंस से जुड़े मामलों में हानि हो सकती है। मार्केटिंग से जुड़े कार्यों में लाभ मिलेगा। प्रेम सम्बन्धों को लेकर मन में कुछ शंका न होने दें। परोपकार के कार्यों में मन लगायें।




**कर्क** कार्यक्षेत्र में काफी अच्छा सम्मान मिलेगा। कुछ नया सीखने को प्राप्त होगा। आज आपको फर्जी फोन कॉल्स से सावधान रहना चाहिये। उच्च स्तरीय शोध कार्यों में आप जुड़ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ किसी बात पर झगड़ा हो सकता है।




**सिंह** राजनीति से जुड़े लोगों को कठिनाई होगी। महँगी वस्तुओं की ख़रीदारी कर रहे हैं तो बजट का ध्यान अवश्य रखें। समाज में अपयश जैसी स्थितियाँ उत्पन्न हो सकती है। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। सिरदर्द और थकान जैसी स्थिति बन सकती है।




**कन्या** आज आप शेयर मार्केट से काफी अच्छा लाभ कमा सकते हैं। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। सन्तान को लेकर समस्या दूर होगी। भाग्य का साथ मिलने से अचानक महत्वपूर्ण मौके मिल सकते हैं। निवेश के मामले में आज दिन बहुत शुभ है।




**तुला** आज मित्रों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। आईटी और बैंक से जुड़े लोगों को करियर में अच्छे, नये और उत्तम विकल्प मिल सकते हैं। आर्थिक मामलों में किसी पर भरोसा न करें। व्यापार में नयी तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं।




**वृश्चिक** आज आपको परिजनों को लेकर काफी चिन्ता रहेगी। जीवनसाथी से सुझाव लेकर काम करना हितकारी होगा। विरोधी पक्ष आपके प्रति परेशानी खड़ी कर सकते हैं। अचानक विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। सम्पत्ति से जुड़े मामलों में लापरवाही न करें।




**धनु** आज जीवनसाथी आपसे कुछ शिकायत कर सकता है। बीमा सम्बन्धित कारोबार से लाभ मिलेगा। जोड़ों में दर्द की समस्या हो सकती है। आलस्य में आपको समय बर्बाद नहीं करना चाहिये। बुरी संगति से दूर रहें। आज किसी को कर्ज या उधार बिल्कुल भी न दें।




**मकर** आज आपके सभी काम शान्तिपूर्वक पूर्ण होंगे। छात्र करियर को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे। परिवार का खर्च बढ़ सकता है। घर की मरम्मत आदि की योजना बना सकते हैं। वैवाहिक जीवन थोड़ा तनावपूर्ण हो सकता है।




**कुंभ** कार्यक्षेत्र में आपके टीमवर्क की प्रशन्सा होगी। आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। शाम को परिवार के साथ कहीं घूमने के लिये जा सकते हैं। भावनाओं में आकर ज्यादा खर्च न करें। उच्च पद मिलने की सम्भावना बन रही है। नये प्रेम सम्बन्ध विकसित हो सकते हैं।




**मीन** आज आप भौतिक सुख-सुविधाओं पर धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ बहसबाजी में न पड़ें। व्यापार को लेकर कुछ चिन्तित रहेंगे। कार्यक्षेत्र में टीमवर्क के साथ काम करने से लाभ मिलेगा। अत्यधिक आदर्शवादी होने से आपको बचना चाहिये।


G. KACHHOMAL
ALL KINDS OF SWEETS & SNACKS
WE ALSO ACCEPT PARTY ORDERS
Raju K.Panjwani - 2531293, 3211365
Rakesh K. Panjwani - 9890359000
Shop No. 132, Opp. Mat Mandir, Ulhasnagar-5.

T.S.Chandwani
SHREE Rajaveer FOOD PRODUCTS
Specialist In :- Bread, Cake & Biscuits
Fact.: Amar Dye Rd., Near Shahad Cabin, Ulhasnagar-1. Tel. 2546079
Office : Baba Sai Nagar, Block A252/504, Ulhasnagar-4. Tel. 2527034


Hotel Ambrosia
Dayanand Shetty
2713001, 2712002, 2712003, 2564257
Opp. Vithalwadi Rly, Station (W), Ulhasnagar-421003.

Hotel VEEJAYS
Lodging and Boarding
24 Hours Room service available
Ulhasnagar Station Road, Burner Galli, Sukhdev Compound, Ulhasnagar-3
Tel. : 02512570009
Mob. : 07083880259

New AJANTA TRANSPORT SERVICE
Tel.: (0251) 2568696 / 2569582
Booking : 8459362576 / 9511233010
Delivery : 7972406021 / 7972319031
UP & DOWN SERVICE FOR FOLLOWING CITIES
VAPI: Satlani Plaza, New Telephone exchange, GIDC, Char Rasta, vapi. Pincode-396195. Contact no-09978295051/09377166664
VALSAD: C/o.Purohit Roadlines, Shop No 1, Sanskrutik Bhavan, Bechar Road, valsad. Pincode-396001 Contact no - 09825394571/02632-248559
CHIKHLI: C/o.Surya Roadlines, Near Ashirwad Hospital Behind Essar Petrol pump, Samroli, Chikli. Pincode-396521 Contact no- 9825971634/7405164552
NAVSARI.: Yogiraj complex,Shop no 1&2, Opposite to Sheetal Hotel, Dharagiri National Highway No 8, Navsari. Pincode-396424 Contact no- 9824700447/9824704445
SURAT: C/o.Sunrise Travels, Shop No G-14. Shree Kuberji World, Saroli, Surat. Pincode-395010 Contact no-09723920438/6358815577
BARODA: Shreeji Market, B-38, Near Sangam Chokdi, Harni Road, Pincode -390021. (Contact No- 9033634285, 9099176830)
AHEMDABAD: Godown No.32,Sainath Ind. Estate, Behind Kubeshwar Mahadev, Sejpur, Naroda. Pincode-382345 Contact no-09824677880/08140676912/09638340875
RAJKOT: C/o.Akash Roadways, Dhebar Main Road, Rajkot. Conact no-9825285683
C/o.Akash Roadways, Kishan Gate No 3, Metoda GIDC. Contact no-9925367186
C/o.Akash Roadways, Navagam main road, Navagam. Contact no-9081947786
SHAPAR (VERAVAL): C/o.Akash Roadways, Behind Old Murlidhar Weight Bridge, Opp Pitukrupa Hotel, Rajkot Gondal National Highway. Pincode- 360024 Contact no-9925716786/02827-253652
MORBI: C/o.Eleven Transport, opposite police Chowki, National Highway 8A, Makansar. Pincode-363642 Contact no- 08511493195/09904762377
Gmail-newajantatransport@gmail.com
Website-newajantatransport.in
Beside Kalimata Mandir, Near ACP Office, Pawai Chowk, Ulhasnagar-421003, Dist. Thane (Maharashtra)

Dolphin Club
PLOT No. 181, NEAR SACHDEV NAGAR, CHOPRA COURT ROAD, ULHASNAGAR- 3.
TEL.:- (0251) 271 3154



प्रकाशक, मुद्रक, मालिक जेठानंद झमटमल लालवानी ने जय श्रीकृष्णा प्रिंटिंग प्रेस से छपवाकर मातोश्री मोहिनी बाई पैलेस, बैरक नंबर 427, रूम नंबर 15, निरंकारी हॉल के पीछे, उल्हासनगर-421001, जिला ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया।
संपादक श्री टीकम (टोनी) जे.लालवानी **RNI No. 68359/93,**
**( सभी प्रसंगों का न्याय क्षेत्र उल्हासनगर रहेगा ) टेलीफोन नंबर 2703289, फैक्स 2700215.**


दैनिक 'धनुषधारी' में छपने वाली विज्ञापनों की सत्यतता की जिम्मेदारी हमारी अखबार प्रबंधन की नही है। विज्ञापन में छपने वाले उत्पाद खरीदने, बेचने या किसी भी व्यवसाय या नौकरी लेने-या देने की जिम्मेदारी पाठक की खुद की रहेगी। -प्रबंधन।

# महाराष्ट्र में फिर लू की चेतावनी

## मुंबई, ठाणे समेत कोंकण भी तपेगा



**मुंबई (नि.स)।** मौसम विभाग ने एक बार फिर महाराष्ट्र के लिए लू की चेतावनी जारी की है। अनुमान है कि अगले तीन दिनों तक मुंबई, ठाणे और कोंकण में लू चलेगी। नागरिकों से भी बाहर निकलते समय सावधानी बरतने की अपील की गई है। दरअसल पिछले कुछ दिनों से देश के साथ-साथ प्रदेश में भी मौसम में बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं। कुछ इलाकों में बेमौसम बारिश हो रही है तो कुछ इलाकों में लोगों को चिलचिलाती धूप का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं, मौसम विभाग ने एक बार फिर राज्य में लू चलने की चेतावनी दी है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक 28 और 29 अप्रैल को तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने की संभावना है। इसके चलते मुंबई, ठाणे, कोंकण समेत राज्य के कुछ हिस्सों में लू चल सकती है। मौसम विभाग ने नागरिकों को अधिक पानी पीने और सूती कपड़े पहनने की सलाह दी है। वहीं मौसम विभाग ने मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा और विदर्भ के कुछ जिलों में गरज के साथ बारिश की चेतावनी दी है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले 48 घंटों में इस इलाके में भारी बारिश होगी। कुछ जगहों पर ओलावृष्टि होने का भी अनुमान है।

## महाराष्ट्र में दूसरे चरण में 53.51 फीसदी वोटिंग

**मुंबई।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत महाराष्ट्र की आठ सीटों पर शुक्रवार को मतदान शाम छह बजे समाप्त हो गया। इन आठ सीटों पर



चुनाव लड़ रहे कुल 204 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है. परिणाम 4 जून को घोषित किया जाएगा। इस बीच, लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की आठ सीटों पर शाम पांच बजे तक 53.51 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है.

### लोकसभा क्षेत्रवार प्रतिशत

| | |
|---|---|
| वर्धा | : 56.66 प्रतिशत |
| अकोला | : 52.49 प्रतिशत |
| अमरावती | : 54.50 प्रतिशत |
| बुलढाणा | : 52.24 प्रतिशत |
| हिंगोली | : 52.03 प्रतिशत |
| नांदेड़ | : 52.47 प्रतिशत |
| परभणी | : 53.79 प्रतिशत |
| यवतमाल-वाशिम | : 54.04 प्रतिशत |

# मुंबई में 32,658 रिक्शा चालकों के वाहन लाइसेंस होंगे निलंबित

**मुंबई।** रिक्शा चालक अक्सर यात्रियों से अभद्र व्यवहार करते हैं। यह व्यवहार रिक्शा चालकों को अब महंगा पड़ रहा है। मुंबई ट्रैफिक पुलिस द्वारा चलाए गए 15 दिवसीय विशेष अभियान में, सवारी बिठाने से इनकार करने वाले 32 हजार 658 ड्राइवरों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही अन्य नियमों के उल्लंघन के मामले में रिक्शा चालकों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की गई है।



ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि किराया लेने से इनकार करने वाले 32,658 वाहनों के लाइसेंस निलंबित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. यात्रियों की संख्या अधिक होने, सवारी नहीं बिठाने आदि कारणों से पुलिस द्वारा ये कार्रवाई की जा रही है।

परिवहन विभाग के अधिकारियों ने यह भी कहा है कि मुंबई के उपनगरों में रेलवे स्टेशनों, मॉल, बस स्टेशनों और अन्य स्थानों पर लंबी दूरी का किराया लेने के लिए रिक्शा चालकों द्वारा पास के किराए लेने से मना करने पर अभियान को और तेज किया जाएगा। साथ ही अधिक किराया मांगने वाले रिक्शा चालकों की शिकायतें ट्रैफिक पुलिस के पास आ रही थीं। वहीं, ऐसी भी शिकायतें थी कि ड्राइवर वर्दी नहीं पहन रहे थे, बैच और अन्य दस्तावेज नहीं साथ में रख रहे थे तथा नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए ट्रैफिक पुलिस ने बेलगाम वाहन चालकों को सबक सिखाने के लिए 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक यानि 15 दिनों का विशेष अभियान चलाया। 15 दिन के अंदर उन सभी जगहों पर ट्रैफिक पुलिस तैनात कर दी गई, जहां से शिकायतें मिलीं। रिक्शा चालक किराया लेने से मना करता दिखा तो मौके पर ही चालक के खिलाफ कार्रवाई की गई। 15 दिनों में 32 हजार 658 रिक्शा चालकों पर कार्रवाई की गयी। इसमें बिना वर्दी के 5 हजार 268, क्षमता से अधिक सवारी बैठाने पर 8 हजार 650 और अन्य नियमों का उल्लंघन करने पर 5 हजार 613 सहित कुल 52 हजार 189 ई-चालान की कार्रवाई की गई। ये कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# उज्ज्वल निकम की राजनीति में इंट्री

**मुंबई उत्तर-मध्य से होंगे भाजपा के उम्मीदवार** | **पूनम महाजन का पत्ता कटा**



**मुंबई (नि.स)।** जाने-माने वकील उज्ज्वल निकम ने राजनीति में प्रवेश किया है और भाजपा ने उन्हें मुंबई उत्तर-मध्य से अपना उम्मीदवार घोषित किया है। दरअसल बीजेपी की केंद्रीय चुनाव समिति ने लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पंद्रहवीं सूची की घोषणा कर दी है। बीजेपी ने वरिष्ठ वकील उज्ज्वल निकम को मुंबई उत्तर मध्य सीट से उम्मीदवार बनाया है। ऐसे में यह तय है कि इस सीट पर कड़ी टक्कर होगी। कांग्रेस ने इस सीट से महाविकास अघाड़ी की ओर से वर्षा गायकवाड़ को उम्मीदवार बनाया है।

### पूनम महाजन का पत्ता कटा



इससे पहले इस सीट से बीजेपी की पूनम महाजन बीजेपी सांसद रह चुकी हैं। 2014 के लोकसभा चुनाव में, उन्होंने उत्तर मध्य मुंबई निर्वाचन क्षेत्र से मौजूदा कांग्रेस सांसद प्रिया दत्त को 1 लाख से अधिक वोटों से हराया था। इसके बाद 2019 में भी उन्होंने प्रिया दत्त को हराया। अनुमान लगाया जा रहा था कि इस साल भी उन्हें टिकट मिलेगा, लेकिन अब बीजेपी ने उनका पत्ता काटकर निकम को टिकट दे दिया है।

### कौन हैं उज्जवल निकम?

उज्जवल निकम एक मशहूर वकील हैं। उज्जवल निकम ने अपनी कानूनी शिक्षा महाराष्ट्र के जलगांव में पूरी की। बाद में उन्होंने जलगांव कोर्ट में ही सरकारी वकील के तौर पर काम किया। 1993 के मुंबई बम विस्फोट मामले में एक सरकारी वकील के रूप में उज्ज्वल निकम के करियर ने मोड़ लिया। 13 मार्च 1993 को, तत्कालीन सरकार ने उज्ज्वल निकम को मामले के लिए विशेष सरकारी अभियोजक के रूप में नियुक्त किया। मुंबई ब्लास्ट का मामला 2007 तक लगभग चौदह साल तक चला। उज्जवल निकम ने 1993 मुंबई बम ब्लास्ट केस, खैरलांजी मर्डर केस, 2008 मुंबई अटैक, शक्ति मिल रेप केस, प्रवीण महाजन, कोपर्डी रेप और मर्डर जैसे कई प्रसिद्ध मामलों का केस लड़ा। 2016 में, देश का ध्यान आकर्षित करने वाले मामलों से लड़ने के लिए निकम को पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। हाई-प्रोफाइल मामले के कारण निकम पर हमले की आशंका के चलते सरकार ने उन्हें जेड-प्लस सुरक्षा प्रदान की है।

# नवी मुंबई में 535 इमारत धोखादायक

## 30 सितंबर तक स्ट्रक्चरल ऑडिट कराने का आयुक्त का आदेश

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई मनपा की हद में 535 धोखादायक इमारते होने की जानकारी मनपा द्वारा दी गई है। बरसात के दौरान संभावित हादसों को टालने के लिए मनपा आयुक्त कैलाश शिंदे ने इन इमारतों का नवी मुंबई मनपा के पास पंजीकृत निर्माण या संरचना इंजीनियर द्वारा स्ट्रक्चरल ऑडिट कराना अनिवार्य कर दिया है। महाराष्ट्र मनपा अधिनियम धारा 254 की उपधारा (1), (2), (3) व (4) के तहत धोखादायक इमारतों के रूप में घोषित हो चुकी और साथ ही अधिनियम की धारा 265(अ) के तहत जिन इमारतों के निर्माण को 30 वर्ष से अधिक हो चुका है ऐसे इमारतों का स्ट्रक्चरल ऑडिट करना अनिवार्य है। 30 वर्षों से अधिक समय तक इमारत का उपयोग या इमारत के अधिभोग प्रमाण पत्र (पूरे या आंशिक रूप से) क्षेत्रफल से उपयोग किये गए उस तारीख से गिनी जाएगी. नियुक्त संरचना इंजीनियर द्वारा सिफारिश किये गए मरम्मत कार्यों को पूरा कर निर्माण कार्य व्यवस्थित होने का प्रमाण पत्र नवी मुंबई मनपा के पास जमा करना अनिवार्य है. यह संरचनात्मक निरीक्षण 30 सितंबर 2024 से पहले पूरा कर रिपोर्ट संबंधित विभाग के सहायक आयुक्त और विभाग अधिकारी या सहायक निदेशक नगररचना, नवी मुंबई मनपा के पास जमा करनी है। संरचना परीक्षण के उत्तरदायित्व जो संस्था/मालिक/अधिभोगी कराने में विलंब करेंगे उन्हें 25 हजार रुपये का जुर्माना या उक्त आय पर वार्षिक संपत्ति कर की राशि, जो भी अधिक हो उतना दंड वसूल करने का प्रावधान मनपा अधिनियम की धारा 398 (अ) में शामिल है।



### दुर्घटना होने पर खुद होंगे जिम्मेदार

धोखादायक इमारतों/घरों का उपयोग करना खतरनाक है। इससे जान-माल की हानि हो सकती है, इसलिए नागरिक धोखादायक इमारतों/घरों में निवास/उपयोग तत्काल बंद करने की अपील मनपा ने की है। अन्यथा कोई दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना होती है तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित की होगी ऐसा नवी मुंबई मनपा ने सूचित किया है।

# भिवंडी के हरिहर कंपाउंड में लगी आग में तीन गोदाम जलकर खाक

**भिवंडी (नि.स)।** भिवंडी तालुका के मानकोली इलाके में हरिहर कंपाउंड में कपड़े रखने वाले एक गोदाम में शनिवार सुबह अचानक आग लग गई। गोदाम में आग की सूचना मिलते ही भिवंडी मनपा अग्निशमन दल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंच गई थी। अग्निशमन दल के जवान कड़ी मेहनत करते हुए दोपहर बाद जब तक आग पर काबू पाया तब तक तीन गोदाम जलकर खाक हो गए थे। जिसमें भारी संख्या में कपड़ा रखा हुआ था।



बता दें कि हरिहर कंपाउंड के इस गोदाम परिसर के दूसरे महले पर बने गोदाम में बड़े पैमाने पर कपड़ा रखा हुआ थो शनिवार सुबह लगभग साढ़े छह बजे गोदाम में आग लगते ही आग बड़ी तेजी से फैल गई गोदाम में कपड़ा भरा होने के कारण अग्निशमन दल की गाड़ियां आने के पहले ही आग तीनों गोदामों को अपनी चपेट में ले लिया थो जिसके कारण पहले और दूसरे महले के तीन गोदामों में रखा पूरा कपड़ा जलकर खाक हो गया है कपड़े के गोदाम में अचानक आग लगने की घटना के बारे में सही जानकारी नहीं मिल सकी है अग्निशमन दल के जवानों ने बताया कि संयोग से इस आग में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है

# 1 करोड़ 84 लाख रुपये के ड्रग्स के साथ 11 नाइजेरियन गिरफ्तार

**नवी मुंबई (नि.स)।** क्राइम ब्रांच और एपीएमसी पुलिस ने कोपरी इलाके से 1 करोड़ 84 लाख 70 हजार रुपये कीमत के ड्रग्स जब्त किए है। पुलिस ने कोपरी इलाके में रह रहे नाइजीरियाई लोगों के ठिकाने पर छापेमारी कर यह कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में 11 नाइजीरियाई लोगों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने डोनटाऊस चिडोक्वे (40), ओफोजोर बेसिल (36), एडविन उडाइस्के (32), फक्र नजेकवेसी (31) विंसन उकविग्वे (45), जेम्स कपूर (41), ओकु लियोन (34), जॉर्ज ब्लासन (50), चार्ल्स वापोका ( 37), ए गुसून एलेन (32) और एनडवे डोनाटस (39) इन लोगों पर मामला दर्ज किया है।

बता दें कि कोपरी इलाके में चल रहे ड्रग्स बिक्री रैकेट का भंडाफोड़ करने के लिए यह कार्रवाई पुलिस ने की है। कोपरी इलाके में बड़ी संख्या में नाइजीरियाई लोग रहते थे. पुलिस को जानकारी मिली थी कि वे मादक पदार्थों की बिक्री करते हैं. जिसके बाद क्राइम ब्रांच की इम्मोरल ट्रैफिक प्रिवेंशन सेल और एपीएमसी पुलिस ने संयुक्त रूप से



शुक्रवार को वहां छापेमारी की। वरिष्ठ निरीक्षक पृथ्वीराज घोरपड़े, वरिष्ठ निरीक्षक अजय शिंदे ने विभिन्न टीमों का गठन किया था। इस टीम ने छापेमारी में 11 नाइजीरियाई लोगों को हिरासत में लिया है। इनके पास से एमडी, कोकीन जैसी कुल 1 करोड़ 84 लाख 70 हजार रुपये के ड्रग्स पुलिस ने जब्त किए हैं। पिछले साल खारघर, उलवे और वाशी इलाके में पुलिस कार्रवाई के बाद शुक्रवार को कोपरी में बड़ी कार्रवाई की गई है।

### मिशन ऑल आउट में 390 लोगों के विरुद्ध कार्रवाई

परिमंडल 1 के उपायुक्त पंकज डहाणे के निर्देशानुसार शुक्रवार को तुर्भे एमआईडीसी, एपीएमसी, वाशी, कोपर खैराने, रबाले, रबाले एमआईडीसी पुलिस स्टेशन की हद में मिशन ऑल आउट चलाया गया. इस अभियान में यह कार्रवाई कोपरी इलाके में भी की गई. इसके अलावा 16 लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है. जबकि खुले में शराब पीने वाले 33 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. मोटर वाहन अधिनियम के तहत 255 लोगों, मादक पदार्थों का सेवन करने वाले 13 लोगों, कोपटा अधिनियम के तहत 37 लोगों और अवैध हथियार रखने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

# आईपीएल पर सट्टा लगाने वाले चार लोग गिरफ्तार

## 1.97 लाख रुपए का सामान बरामद

**भिवंडी (नि.स)।** ठाणे एंटी एक्सटॉर्शन स्क्वाड ने गुरुवार रात भिवंडी तालुका के कोनगांव पुलिस स्टेशन क्षेत्र के एक लॉजिंग बोर्डिंग में छापा मारकर आईपीएल मैच पर सट्टा लगाने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने छत्तीसगढ़ स्थित रायगढ़ के शानू बेरीलाल (31), रजत शर्मा (30), विजय देवांगन (40) एवं जानू को गिरफ्तार करके उनके पास से 1.97 लाख रुपए का सामान जब्त कर लिया है।



पुलिस के अनुसार, ठाणे एंटी एक्सटॉर्शन स्क्वाड को सूचना मिली थी कि भिवंडी तालुक के कोनगांव पुलिस स्टेशन अंतर्गत केएन पार्क होटल एंड लॉजिंग के कमरा नंबर 107 में आईपीएल पर अनधिकृत सट्टेबाजी की जा रही है। जिसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर छापा मारकर वहां से 12 मोबाइल, एक टैब, एक लैपटॉप पर अलग अलग साइड पर 11 लाख 86 हजार और 7 लाख 3 हजार रुपए का जुआ खेला जा रहा था। खास बात यह है कि इसके लिए उसने फर्जी नाम से सिम कार्ड भी लिया था। इस मामले में कोनगांव पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# आज मध्य रेल के मुंबई मंडल पर रहेगा मेगा ब्लॉक

**मुंबई।** मध्य रेल, मुंबई मंडल आज रविवार को विभिन्न इंजीनियरिंग और रखरखाव कार्यों को करने के लिए अपने उपनगरीय खंडों पर मेगा ब्लॉक परिचालित करेगा।

### ठाणे-कल्याण अप और डाउन धीमी लाइन सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक

सुबह 10.43 बजे से दोपहर 3.44 बजे तक मुलुंड से छूटने वाली डाउन स्लो/सेमी फास्ट सेवाओं को मुलुंड और कल्याण स्टेशनों के बीच डाउन फास्ट लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा, जो ठाणे, कलवा, मुंब्रा, दिवा, डोंबिवली स्टेशनों पर रुकेंगी और निर्धारित समय से 10 मिनट देरी से गंतव्य पर पहुंचेंगी। सुबह 10.36 बजे से दोपहर 3.51 बजे तक कल्याण से छूटने वाली अप स्लो/सेमी फास्ट सेवाओं को कल्याण और मुलुंड स्टेशनों के बीच अप फास्ट लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा, डोंबिवली, दिवा, मुंब्रा, कलवा, ठाणे स्टेशनों पर रुकते हुए आगे मुलुंड स्टेशन पर अप स्लो लाइन पर फिर से डायवर्ट किया जाएगा और निर्धारित समय से 10 मिनट देरी से पहुंचेगी। सुबह 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे के बीच छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से प्रस्थान करने /पहुंचने वाली सभी अप और डाउन स्लो सेवाएं निर्धारित समय से 10 मिनट देरी से अपने निर्धारित गंतव्य पर पहुंचेंगी/प्रस्थान करेंगी। ठाणे लोकल डाउन स्लो लाइन पर ही चलेंगी।

### डाउन स्लो लाइन पर

ब्लॉक से पहले आखिरी लोकल सुबह 09.53 बजे सीएसएमटी से प्रस्थान करेगी जो टिटवाला के लिए होगी ब्लॉक के बाद पहली लोकल बदलापुर के लिए विशेष लोकल दोपहर 03.05 बजे सीएसएमटी से प्रस्थान करेगी।

### अप स्लो लाइन पर

ब्लॉक से पहले आखिरी लोकल सुबह 10.25 बजे कल्याण से सीएसएमटी के लिए प्रस्थान करेगी ब्लॉक के बाद पहली लोकल शाम 04.17 बजे कल्याण से प्रस्थान करेगी जो परेल के लिए होगी



▸ छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-चूनाभट्टी/बांद्रा डाउन हार्बर लाइन सुबह 11.40 बजे से शाम 4.40 बजे तक और

▸ चूनाभट्टी/बांद्रा-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस यूपी हार्बर लाइन सुबह 11.10 बजे से शाम 4.10 बजे तक

▸ सुबह 11.16 बजे से शाम 4.47 बजे तक छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस/वडाला रोड से वाशी/बेलापुर/पनवेल के लिए छूटने वाली डाउन हार्बर लाइन सेवाएं और सुबह 10.48 बजे से शाम 4.43 बजे तक छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से बांद्रा/गोरेगांव के लिए छूटने वाली डाउन हार्बर लाइन सेवाएं निलंबित रहेंगी।

▸ छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के लिए सुबह 9.53 बजे से दोपहर 3.20 बजे तक पनवेल/बेलापुर/वाशी से छूटने वाली अप हार्बर लाइन सेवाएं और सुबह 10.45 बजे से शाम 5.13 बजे तक गोरेगांव/बांद्रा से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के लिए छूटने वाली अप हार्बर लाइन सेवाएं निलंबित रहेंगी।

### डाउन हार्बर लाइन पर

पनवेल के लिए ब्लॉक से पहले आखिरी लोकल सुबह 11.04 बजे सीएसएमटी से प्रस्थान करेगी गोरेगांव के लिए ब्लॉक से पहले आखिरी लोकल सुबह 10.22 बजे सीएसएमटी से प्रस्थान करेगी। पनवेल के लिए ब्लॉक के बाद पहली लोकल शाम 04.51 बजे सीएसएमटी से प्रस्थान करेगी। बांद्रा के लिए ब्लॉक के बाद पहली लोकल शाम 04.56 बजे सीएसएमटी से प्रस्थान करेगी।

### अप हार्बर लाइन पर

सीएसएमटी के लिए ब्लॉक से पहले आखिरी लोकल सुबह 09.40 बजे पनवेल से प्रस्थान करेगी सीएसएमटी के लिए ब्लॉक से पहले आखिरी लोकल सुबह 10.20 बजे बांद्रा से प्रस्थान करेगी सीएसएमटी के लिए ब्लॉक के बाद पहली लोकल दोपहर 03.28 बजे पनवेल से प्रस्थान करेगी सीएसएमटी के लिए ब्लॉक के बाद पहली लोकल शाम 04.58 बजे गोरेगांव से प्रस्थान करेगी।

ब्लॉक अवधि के दौरान पनवेल और कुर्ला (प्लेटफॉर्म नंबर 8) के बीच विशेष सेवाएं चलेंगी। हार्बर लाइन के यात्रियों को ब्लॉक अवधि के दौरान सुबह 10.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक मेन लाइन और पश्चिम रेलवे के माध्यम से यात्रा करने की अनुमति है। ये रखरखाव मेगा ब्लॉक बुनियादी ढांचे के रखरखाव और संरक्षा के लिए आवश्यक हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि वे इस असुविधा के लिए रेलवे प्रशासन को सहयोग दें।